# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 257 । भोपाल, रविवार 17 सितंबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



नरसिंहपुर के रहने वाले थे एक ही फंदे पर फांसी लगाने वाले युवक-युवती पृष्ठ 2

▪ हिन्दू या मुसलमान
▪ हिंदी के घर हिंदी दिवस पृष्ठ 4

▪ रिकॉर्ड तोड़ बारिश: भीमपुर ब्लॉक में 17 और भैसदेही में 14 इंच बरसा पानी पृष्ठ 6

फसल क्षति का सर्वे कराकर नुकसान की भरपाई की जाएगी : शिवराज पृष्ठ 8


## सार-समाचार

### मकान की छत ढहने से 5 की मौत



**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की राजधानी में रेलवे लखनऊ मंडल की फतेह अली रेलवे कॉलोनी में शुक्रवार देर रात एक मकान की छत ढह गई, इससे पांच लोगों की मलबे में दबकर मौत हो गई। लखनऊ के डीसीपी ईस्ट ह्रदेश कुमार ने बताया कि राजधानी लखनऊ के आलमबाग रेलवे इलाके में एक मकान की छत गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मकान काफी पुराना लग रहा था। अचानक से छत गिर गई, इसमें तीन बच्चे और उनके माता पिता दब गए।

### महाराष्ट्र सरकार ने बदला औरंगाबाद, उस्मानाबाद जिले का नाम

**छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी।** महाराष्ट्र सरकार ने औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर छत्रपति संभाजीनगर जिला और उस्मानाबाद जिले का नाम बदलकर दाराशिव जिला कर दिया है। राज्य सरकार ने गजट प्रकाशित कर दोनों जिलों के नाम बदल दिये। राजपत्र में बताया गया कि अब से उस्मानाबाद जिले का नाम धाराशिव होगा और औरंगाबाद जिले का नाम छत्रपति संभाजीनगर होगा।

### पूर्व मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने छोड़ी बीआरएस

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के पूर्व मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने शनिवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) से इस्तीफा दे दिया। वह रविवार को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और शीर्ष नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी द्वारा संबोधित की जाने वाली सार्वजनिक बैठक में कांग्रेस पार्टी में शामिल होंगे। हाल ही में पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए बीजेपी से निलंबित किए गए जित्ता बालकृष्ण रेड्डी और येन्नम श्रीनिवास रेड्डी भी कांग्रेस पार्टी में शामिल होंगे।

### ऑनलाइन धोखाधड़ी में व्यक्ति ने गवाए 80 हजार

**नासिक, एजेंसी।** महाराष्ट्र के नासिक शहर पुलिस ने शुक्रवार को ऑनलाइन धोखाधड़ी के एक मामले में कोठेगल्ली क्षेत्र के एक निवासी के बैंक खाते से 80 हजार रुपए निकालने के आरोप में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक, शिकायतकर्ता सतीश एकलहरे को एक अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आया और उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने बिल का भुगतान कर दिया है। संदिग्ध ने खुद को बिजली वितरण निगम का कर्मचारी बताते हुए उसे एक लिंक भेज। जैसे ही एकलाहरे ने लिंक खोला और उसमें सारी जानकारी भरने के बाद उसके बैंक खाते से 80 हजार रुपए की रकम ऑनलाइन निकाल ली गई।

### सड़क हादसे में 4 की मौत

**मथुरा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में मथुरा के जैत क्षेत्र मे शनिवार को एक सड़क हादसे में कार और ट्रक की भिड़ंत में चार लोगों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। देर रात एक बजे मथुरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या दो पर जैत गांव के पास यह हादसा उस समय हुआ जब अलीगढ़ से पांच लोग एक कार पर सवार होकर शनिदेव मन्दिर कोकिलावन जो रहे थे कि जैत गांव के सामने उनकी कार अनियंत्रित हो गई। कार ने पहले एक ट्रक चालक को रौंद दिया और फिर सड़क के किनारे खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई।

### बीरेन ने की स्वच्छता अभियान की शुरुआत

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन.बीरेन सिंह ने शनिवार को कचरा मुक्त भारत विषय पर 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान की शुरुआत की। सिंह ने कहा कि हम एक कठिन दौर से गुजर रहे हैं। नागरिक समाज और अन्य लोगों के समर्थन और सहयोग के साथ हम समुदायों के बीच समझ लाने तथा शांति स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह कहते हुए कि जल्द से जल्द समाधान खोजने और शांति लाने की कोशिस जारी हैं, मुख्यमंत्री ने लोगों से और ज्यादा समर्थन और भगवान से आशीर्वाद मांगा।

---

हैदराबाद में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक, केंद्र पर बरसे खड़गे

# मणिपुर व नूंह की घटना से देश की छवि पर लगा धब्बा

### कांग्रेस ने की जाति जनगणना शुरू कराने की मांग

**हैदराबाद, एजेंसी।** हैदराबाद में चल रही कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जी-20 के आयोजन पर हुए खर्च को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, 'रोटेशन के तौर पर मिली जी-20 की अध्यक्षता के आयोजन में 4 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए और अब रोटेशन से इसकी अध्यक्षता ब्राजील को मिल चुकी है।'

कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि 'इंडिया' गठबंधन की बैठकों की कामयाबी के बाद सरकार ने जांच एजेंसियों को विपक्षी दलों से बदला लेने के लिए लगा दिया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मणिपुर और नूंह की घटना से देश की छवि पर धब्बा लगा है, वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने केंद्र सरकार से जाति जनगणना शुरू कराने की मांग की। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश आज कई गंभीर आंतरिक चुनौतियों से जुझ रहा है। मणिपुर की दिल दहला देने वाली घटनाओं को पूरी दुनिया ने देखा। वहां 3 मई 2023 से लेकर आज तक हिंसा जारी है। मणिपुर की आग को मोदी सरकार ने हरियाणा में नूंह तक पहुंचने दिया। यहां हिंसा की वारदातें हुईं, जिस कारण राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में सांप्रदायिक तनाव फैला। ऐसी घटनाएं आधुनिक, प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्ष ▪ शेष पृष्ठ 8 पर




देश आज कई गंभीर आंतरिक चुनौतियों से जुझ रहा है। मणिपुर की दिल दहला देने वाली घटनाओं को पूरी दुनिया ने देखा : मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष
कांग्रेस कार्य समिति तेलंगाना और भारत के सभी लोगों के लिए सम्मान के साथ विकास का एक नया अध्याय लिखने के लिए तैयार है: सोनिया गांधी, कांग्रेस नेता

### 159 लोगों को आमंत्रित किया गया

तेलंगाना के हैदराबाद में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की दो दिन चलने वाली इस बैठक के दौरान पांच राज्यों में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कई चरणों में चर्चा होगी। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल समेत कई नेता शामिल हुए हैं। रविवार को विस्तारित सीडब्ल्यूसी की बैठक होगी, जिसमें सभी राज्य पार्टी प्रमुखों और सीएलपी नेताओं के अलावा संसदीय दल के पदाधिकारियों, केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्यों को आगामी चुनावों के लिए रणनीति बनाने के लिए आमंत्रित किया गया है।

---

जनआशीर्वाद यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने की घोषणा

# गुना में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ होगा, नगर निगम भी बनाएंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि गुना में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किया जाएगा। इसके साथ ही गुना को नगर निगम भी बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आज गुना में जनअशीर्वाद यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि गुना के विकास में कोई बाधा नहीं आने दी जाएगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने मुख्यमंत्री श्री चौहान का गुना की माटी में स्वागत किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाडली बहनों ने शहर में मेरा राखी बांधकर स्वागत किया है। बहनों के जीवन में कभी अंधेरा नहीं रहने दूंगा। मेरी जान भी चली जाए लेकिन बहनों पर और नागरिकों पर मेरा विश्वास बना रहेगा। पूर्व सरकार ने गुना को प्यासा रखा था। हमने गुना के समग्र विकास के लिए कार्य किया है। सरकार का संचालन एक परिवार की तरह हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लाड़ली बहना योजना सहित अन्य योजनाओं का उल्लेख किया जिससे लाखों परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा जनता ने लाड़ली बहना योजना को पसंद किया है। यह एक योजना ही नहीं, बहनों का मान-सम्मान भी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इस योजना से बहनों के साथ न्याय करने और उनको मुस्कराने का अधिकार दिया गया है। इस योजना पर 15,000 करोड खर्च किए जाएंगे। बहनों को मिलने वाली राशि ?3000 तक बढ़ाई जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से छूटे हुए हितग्राहियों के लिए नई आवास योजना प्रारंभ की जा रही है।

### शिवराज जी को बच्चे, बहनें और सभी नागरिक प्रेम करते हैं



पटना के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कार्यक्रम में कहा कि अच्छी बारिश हो रही है। मैं, शिवराज सिंह जी के प्रति लाडली बहनों और नागरिकों का प्रेम मध्यप्रदेश में देख रहा हूँ। उनके भांजे भांजियां उन्हें बहुत स्नेह करते हैं। जब बच्चे उन्हें कहते हैं मामा आई लव यू तब शिवराज जी कहते हैं आई लव यू टू। मुख्यमंत्री सरल स्वभाव आकर्षित करता है। वे सहज हैं। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया सहित गुना जिले के अनेक जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में भी आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

---

संसद के विशेष सत्र की सभी तैयारियां पूरी

# नए संसद भवन में मंत्रियों को आवंटित किए गए कमरे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद का विशेष सत्र 18 सितंबर से शुरू होने जा रहा है। पांच दिन तक चलने वाले इस सत्र के लिए तीन दिनों के रिहर्सल के बाद संसद का पुराना और नया, दोनों ही भवन सत्र के लिए तैयार है। विशेष सत्र के दूसरे दिन यानी 19 सितंबर से संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही नए भवन में शुरू होनी है और इसके लिए तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई है। बताया जा रहा है कि, नए संसद भवन में सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले सरकार के मंत्रियों को उनके कार्यालय के लिए कमरों का आवंटन भी कर दिया गया है। केंद्र सरकार के वरिष्ठ 11 कैबिनेट मंत्रियों- अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, निर्मला सीतारमण, एस जयशंकर, धर्मेंद्र प्रधान, स्मृति ईरानी, नरेंद्र सिंह तोमर, अश्विनी वैष्णव और अर्जुन मुंडा को नए संसद भवन में अपर ग्राउंड फ्लोर पर कार्यालय के लिए कमरा आवंटित किया गया है।

जानकारी के मुताबिक, अमित शाह को अपर ग्राउंड फ्लोर पर कमरा नंबर जी-33, राजनाथ सिंह को जी-34, नितिन गडकरी को जी-31, पीयूष गोयल को जी-30, निर्मला सीतारमण को जी-12, एस जयशंकर को जी-10, धर्मेंद्र प्रधान को जी-41, स्मृति ईरानी को जी-8, नरेंद्र सिंह तोमर को जी-11, अश्विनी वैष्णव को जी-17 और अर्जुन मुंडा को नए संसद भवन में कमरा नंबर जी-9 आवंटित किया गया है। पुराने संसद भवन में इन वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों का कार्यालय ग्राउंड फ्लोर पर स्थित कमरों में था। सरकार के अन्य कैबिनेट मंत्रियों को नए संसद भवन में फर्स्ट फ्लोर पर कार्यालय के लिए कमरे का आवंटन किया गया है। ज्योतिरादित्य सिंधिया को फर्स्ट फ्लोर पर कमरा नंबर एफ-20, गिरिराज सिंह को एफ-36, गजेंद्र सिंह शेखावत को एफ-18, नारायण राणे को एफ-39, सर्बानंद सोनोवाल को एफ-38, वीरेंद्र कुमार को एफ-37, पशुपति पारस को एफ-19, किरेन रिजिजू को एफ-17 और आरके सिंह को नए संसद भवन के फर्स्ट फ्लोर पर कमरा नंबर एफ-16 का आवंटन किया गया है।

### 19 से दोनों सदनों की कार्यवाही नए भवन में होगी शुरू

---

# अब आएगी स्लीपर वंदे भारत ट्रेन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वंदे भारत ट्रेन में अगले साल मार्च तक स्लीपर कोच लगाने की तैयारी है। देश में अभी चेयरकार सुविधा वाली वंदे भारत चल रही है। रेलवे की योजना अब राजधानी एक्सप्रेस के रूट पर वंदे भारत ट्रेन को चलाने की है। ऐसे में यात्रियों को रात में आराम देने के लिए स्लीपर कोच देना जरूरी है। चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री के जनरल मैनेजर बीजी माल्या के अनुसार इसी फाइनेंशियल ईयर के दौरान वंदे का स्लीपर वर्जन लॉन्च किया जाएगा। साथ ही वंदे मेट्रो भी इसी फाइनेंशियल ईयर में लॉन्च की जाएगी।

माल्या ने बताया कि अभी स्लीपर वंदे भारत ट्रेन को बनाया जा रहा है और इसे मार्च 2024 में लॉन्च किया जाएगा। इसके साथ ही वंदे मेट्रो का भी निर्माण चल रहा है। 12 कोच की इस ट्रेन को छोटे रूट पर चलाया जाएगा। माल्या ने बताया कि वंदे भारत का एक नॉन एसी ट्रेन वर्जन भी लॉन्च करने की योजना है। इस साल 31 अक्टूबर से पहले इसे लॉन्च किया जाएगा। यह एक नॉन-एसी पुश-पुल ट्रेन होगी, जिसमें 22 कोच और इसके दोनों तरफ एक-एक लोकोमोटिव यानी इंजन होगा। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की रफ्तार 160 किमी प्रति घंटे होगी। इसमें 16 कोच होंगे जिनमें 11 एसी3, चार एसी2 और एक एसी1 कोच होगा। उनका कहना था कि कोच की संख्या 20 या 24 की जा सकती है।

---

इंडिया गठबंधन की रैली स्थगित होने पर बोले शिवराज

# कांग्रेस के खिलाफ है आक्रोश, इसलिए वह डर गई

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में होने वाली विपक्षी गठबंधन इंडिया की रैली स्थगित होने पर कहा कि कांग्रेस डर गई है। उन्होंने यहां मीडिया से कहा कि कांग्रेस के प्रति मध्यप्रदेश की लोगों के मन में रोष है। तकलीफ है। कांग्रेस को डर था कि वह रोष कहीं प्रकट न हो जाए। इसलिए गठबंधन की रैली ही स्थगित कर दी। जनता का आक्रोश इंडिया गठबंधन और कांग्रेस के खिलाफ है। श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस में लट्ठम-लट्ठा, बाहर वालों को क्या बुलाएंगे। उन्होंने कहा कि इनके नेताओं में एकता नहीं है, घर वाले ही आपस में लड़ रहे हैं।

---

## एक राष्ट्र एक चुनाव संविधान पर हमला : चिदंबरम

**हैदराबाद, एजेंसी।** कांग्रेस ने एक चुनाव एक राष्ट्र के विचार को संघवाद के विरुद्ध बताते हुए शनिवार को कहा कि इसके लिए संविधान में कई संशोधन करने पड़ेंगे इसलिए यह मोदी सरकार का सिर्फ मुद्दों से ध्यान भटकाने का एक प्रयास है। कांग्रेस नेता पी.चिदंबरम ने तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारित संस्था कांग्रेस कार्य समिति की बैठक के दौरान पत्रकारों से कहा कि मोदी सरकार की यह अवधारणा देश के संघवाद पर हमला है कांग्रेस इस स्पीकर नहीं करेगी। कांग्रेस नेता पी.चिदंबरम ने कहा, एक राष्ट्र, एक चुनाव संविधान पर हमला है। हम इसे खारिज करते हैं। यह संघवाद पर हमला है। इसके लिए कम से कम पांच संवैधानिक संशोधनों की आवश्यकता होगी। भाजपा जानती है कि इन संवैधानिक संशोधनों को पारित करने के लिए उसके पास संख्या बल नहीं है फिर भी अगर यह एक राष्ट्र, एक चुनाव की मृगतृष्णा को आगे बढ़ा रही है तो यह महत्वपूर्ण मुद्दों से ध्यान भटकाने की झूठी कहानी बनाना जैसा है। चिदंबरम ने कहा कि बैठक में सनातन धर्म के मुद्दे के साथ ही सदस्यों ने अनुरोध किया कि पूर्व से पश्चिम तक भारत जोड़ो यात्रा 2 निकालनी चाहिए।

---

कांग्रेस की जन आक्रोश यात्राएं 19 से होंगी शुरू, कमलनाथ ने कहा-

# भाजपा के 4 चेहरे- मिलावटी, सजावटी, दिखावटी और बनावटी



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा द्वारा प्रदेश भर में निकाली जा रही जनआशीर्वाद यात्राओं के जवाब में कांग्रेस 19 सितम्बर से 7 जन आक्रोश यात्राएं निकालेगी। इसके लिए पार्टी ने अलग-अलग नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी है, पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और पार्टी के प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी है। इन नेताओं ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान कमलनाथ ने कहा कि भाजपा के 4 नए चेहरे हैं। मिलावटी भाजपा, सजावटी भाजपा, दिखावटी भाजपा, बनावटी भाजपा। सुरजेवाला ने कहा कि ये जन आक्रोश यात्राएं प्रदेश की बदहाली और बर्वादी के खिलाफ हैं, इसके लिए भाजपा जिम्मेदार है।

कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश की सबसे बड़ी चुनौती बेरोजगार नौजवान हैं। भविष्य का निर्माण करने वाले युवाओं का भविष्य अंधेरे में है। गांव में युवाओं का मजाक उड़ाया जा रहा है। बीटेक करने के बाद भी मौका और रोजगार नहीं मिल रहा, ग्रामीण क्षेत्र के नौजवान सबसे बड़ी चुनौती है। 70 फीसदी अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है। कृषि क्षेत्र की चुनौती हमारी सबसे बड़ी चुनौती थी, इसे सबसे पहले कांग्रेस ने पहचाना था। हमारे प्रदेश की अर्थव्यवस्था छोटी-छोटी दुकानों से चलती है। कमलनाथ ने कहा कि शिवराज सरकार में हर तरफ घोटाले और भ्रष्टाचार है। यह प्रदेशवासियों के भविष्य का चुनाव है। 18 सालों की प्रदेश की बदहाली और बर्बादी का जनता में भाजपा राज के खिलाफ जो असंतोष था, वो अब जनाक्रोश में तब्दील हो गया है। जनता की इसी आवाज को सुनकर कांग्रेस जनाक्रोश यात्रा का आगाज कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की एक-एक विधानसभा में यात्रा जाएगी। हम इसमें सबको शामिल करेंगे, क्योंकि यही कांग्रेस है। इस यात्रा में पार्टी द्वारा भाजपा सरकार के खिलाफ जारी आरोप पत्र गांव-गांव, घर-घर पहुंचाया जाएग, 18 वर्ष के भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार को जनता को बताया जाएगा।

### *बुनियादी मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही भाजपा : सुरजेवाला*

*कांग्रेस महासचिव एवं मध्य प्रदेश के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि भाजपा व उसके नेता सनातन धर्म के मामले को लेकर लोगों का मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रहे हैं।*

*तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र द्वारा सनातन धर्म को लेकर दिए गए विवादास्पद बयान को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में सुरजेवाला ने कहा कि सनातन धर्म हमेशा से है, था और रहेगा। लेकिन भाजपा के नेता इस मामले को लेकर जनता से जुड़े वास्तविक मुद्दों से ध्यान हटाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य नेता क्यों नहीं बोलते हैं। इसके अलावा महंगाई, रोजगार भी मुद्दे हैं। इस बारे में भाजपा नेता क्यों नहीं बोलते। सुरजेवाला ने कहा कि मध्यप्रदेश में व्यापमं घोटाला हुआ। पटवारी परीक्षा के पेपर बिके और भी घोटाले हैं। भ्रष्टाचार भी है। इन सबके बारे में मोदी और अन्य भाजपा नेता क्यों नहीं बोलते।*

### 7 प्रमुख नेता करेंगे अगुवाई

जन आक्रोश यात्रा की अगुवाई के लिए कांग्रेस ने 7 प्रमुख नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी है। श्योपुर से नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह 1600 किमी, जबेरा से पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव 1700 किमी, चितरंगी से पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल 1900 किमी, सिमरिया से पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल 1400 किमी, हरदा से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी 1400 किमी, खरगोन से कांतिलाल भूरिया 1700 किमी और मंदसौर से पूर्व मंत्री जीतू पटवारी 1700 किमी का सफर तय करेंगे। जनाक्रोश यात्रा कुल 11 हजार 400 किमी की दूरी तय करेगी।

### कमलनाथ के चुनाव लड़ने पर केन्द्रीय नेतृत्व करेगा फैसला

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के विधानसभा चुनाव लड़ने या न लड़ने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में सुरजेवाला ने कहा कि इस बारे में पार्टी का केन्द्रीय नेतृत्व फैसला करेगा। अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जन आक्रोश यात्रा का पूरा कार्यक्रम और इससे संबंधित रणनीति कमलनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने तैयार की है।

### इंडिया गठबंधन की रैली स्थगित

भोपाल में अक्टूबर के पहले हफ्ते में प्रस्तावित इंडिया गठबंधन की रैली स्थगित कर दी गई है। कमलनाथ ने यह जानकारी मीडिया को दी। उन्होंने कहा कि गठबंधन की रैली भोपाल में प्रस्तावित थी अब यह रैली नहीं होगी।

## सार समाचार

### जन आशीर्वाद यात्रा में ग्रामीणों को लेने पहुंची बस कच्चे रस्ते में फंसी



**गुना, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली जा रही जन आशीर्वाद यात्रा का शनिवार को गुना में प्रवेश हुआ। जिसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जनता के आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए गुना पहुंचे। लेकिन यात्रा के नाम पर विकास का ढिंढोरा पीट रहे नेताओं के दावों की पोल उस समय खुल गई ग्रामीणों की भीड़ लेने गई बस गांव के कच्चे रास्ते में बीच में ही फंस गई। इस दौरान काफी मशक्कत के बाद बसों को बाहर निकाला गया। वहीं ग्रामीणों को भी कई किमी का पैदल कच्ची, कीचड़ के बीच रास्ता तय करना पड़ा। जिसमें महिलाओं की चप्पल तक टूट गई। दरअसल शनिवार को जिले में भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा प्रवेश कर चुकी थी। यात्रा में ग्रामीणों को शामिल करने के लिए ग्राम पंचायत भदौरा के ग्राम नूतनपुर से ग्रामीणों की भीड़ लाने के लिए निजी बस क्रमांक एमपी 08 पी 0453 गांव भेजी थी। लेकिन कीचड़ और मिट्टी से सने कच्चे रास्ते में फंस बीच में ही फंस गई। घंटों मशक्कत के बाद बस को मुख्य सडक़ पर लाया जा सका। इस दौरान बस में सवार ग्रामीण एवं महिलाएं कच्चे रास्ते पर पैदल ही अपने गंतव्य की ओर निकल गए। जिसमें उनकी चप्पलें तक टूट गई।

### जेसी सप्ताह के छठवें दिन सांई दृष्टि पहुंची क्लब की सदस्याएं



**गुना, देशबन्धु।** जैसी सप्ताह के छठवें दिन जेसी शक्ति क्लब के सदस्यों ने रोटरी साईं दृष्टि स्कूल के दृष्टिहीन बच्चों के बीच पहुंचकर अपना राष्ट्रीय का जश्न मनाया। यह प्रोजेक्ट जेसीआई शक्ति की सदस्य जेसी मोना जैन द्वार स्पॉन्सर किया गया है। इस मौके पर क्लब की सदस्याओं ने स्कूल के दृष्टिहीन बच्चों से केक कटवाया। साथ ही उन बच्चों को ऊनी कपड़े, भोजन और शीतल पेय वितरण भी किया गया। जेसीआई शक्ति की कोषाध्यक्ष स्वाति जैन, ईवाएम डे कॉर्डिनेटर अंजलि जैन द्वारा भी नकद राशि और अंध बच्चों की शिक्षा के लिए दिया गया। प्रोजेक्ट की प्रायोजक अंजलि जैन और मोना जैन रही। कार्यक्रम में अध्यक्ष श्वेता बिंदल, सचिव मनीषा बिंदल, कोषाध्यक्ष स्वाति जैन, मीना मित्तल, भावना जैन, अंजलि जैन, रक्षा जैन, शालू जैन, अर्पिता देव, रीमा यादव, ज्योति सोलंकी, सविता गर्ग उपस्थित रहे।

### आदतन अपराधी जशरथ उर्फ जस्सु जिलाबदर

**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर तरुण राठी द्वारा जिले में शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन अनुसार विभिन्न अपराधों में लिप्त एक अपराधी को जिला बदर किये जाने हेतु आदेश जारी किया गया हैं। जारी आदेशानुसार अनावेदिक जशरथ उर्फ जस्सु पुत्र वीरमजी सांघिया निवासी ग्राम कीताखेडी़ थाना मधुसूदनगढ जिला गुना के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज होने पर तीन माह की कालावधि के लिए जिला बदर किया गया हैं। अनावेदिक जिला बदर की अवधि में गुना जिले से लगे हुए समीपवर्ती जिला अशोकनगर, शिवपुरी, विदिशा एवं राजगढ़ की भौगौलिक सीमाओं से निष्कासित करने एवं बिना किसी विधि संगत एवं सक्षम आदेश/अनुमति के गुना जिले की सीमाओं के अंदर प्रवेश नही कर सकेगा ।

बैठक में शक्कर कारखाना चालू करो संघर्ष समिति निकालेगी मोटरसाईकिल रैली

# शक्कर कारखाना चालू कराने ग्रामीण एकजुट, बैठक में बनी रणनीति



**गुना, देशबन्धु।** शक्कर कारखाना चालू करो संघर्ष समिति द्वारा शनिवार को ग्राम जंजाली चौराहे पर विभिन्न गांवों के किसानों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम जंजाली, गोविंद्रपुरा, सौरमपुरा, सुंदरखेड़ी, दीतलबाड़ा, मुहासा, सूजापुरा, प्रेमगढ़, परकाना, गवरी, बरखेड़ी, पिपलिया आदि गांव के किसान शामिल हुए। बैठक में अलग-अलग गांव से आए किसान प्रतिनिधियों ने शक्कर कारखाना चालू करने की मांग पर आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए कई सारे सुझाव दिए। जिसमें 3 अक्टूबर को होने वाली बाइक रैली को सफल बनाने की योजना किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि 3 अक्टूबर को बाइक रैली निकाली जाएगी, क्योंकि शक्कर कारखाना जो पिछले काफी लंबे समय से बंद पड़ा हुआ है। उसका चालू होना आज किसानों की मूलभूत जरूरत बन चुका है। इस क्षेत्र के गांव गांव से किसानों को अपनी आवाज उठानी होगी, कि इस कारखाने को चालू करने का प्रयास में सभी को आगे आने की जरूरत हैं। आज बाढ़, सूखा, अन्य प्राकृतिक आपदा के कारण परेशान हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में अगर गन्ने की फसल होती तो उन्हें इस समस्या का सामना करना नहीं पड़ता। शक्कर कारखाना चालू करने की मांग को लेकर एक विशाल बाइक रैली का आयोजन किया जा रहा है जो जंजाली से शुरू होकर गुना कलेक्ट्रेट तक निकाली जाएगी। आगामी समय में और भी अलग-अलग गांव में जाकर इसका प्रचार प्रसार किया जायेगा। 80 से 90 गांव के किसानों की इस बाइक रैली में शामिल होने की संभावना है। शक्कर कारखाने को शुरू करने की मांग के अलावा किसानों को समय पर पर्याप्त खाद, बीज, बिजली उपलब्ध कराने, किसानों फसल का बाजिब दाम देने, पंचायत स्तर पर खाद केंद्र खोला जाए,जैसी अनेक मांगों को किसान आंदोलन में शामिल किया गया।

एकता परिषद की बैठक शामिल हुए 50 से ज्यादा गांवों के सहरिया-आदिवासी, बोल

## वन अधिकार अधिनियम के तहत पट्टे दिए जाएं



**गुना, देशबन्धु।** एकता परिषद द्वारा बमोरी क्षेत्र के ग्राम बागेरी में सहरिया आदिवासी समाज की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रनसिह एवं प्रदेश संयोजक डोंगर शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में बमोरी विधानसभा क्षेत्र के आधा सैकड़ा के करीब गांवों के सहरिया आदिवासी समाज के लोगों ने भागीदारी की।

बैठक का मुख्य उद्देश्य बमोरी विधानसभा क्षेत्र में आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में आदिवासी महिला पुरुष को वन अधिकार अधिनियम के तहत पट्टे नहीं मिलना है। दरअसल राजस्व कृषि भूमि के पट्टे हैं, लेकिन मौके पर जमीन नहीं। पिछले 5 महिने से सहरिया महिलाओं को पोषण आहार योजना के अन्तर्गत राशि नहीं मिली है। इन समस्याओं पर बैठक में विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि मैं दो दिन से बमोरी विधानसभा क्षेत्र के दौर पर हो, पूरे क्षेत्र में सहरिया आदिवासियों की बहुत ही हालत बहुत खराब है। सरकार की योजनाएं को लाभ गरीबों तक नहीं पहुंचता है।

बैठक में प्रदेश संयोजक श्री शर्मा ने नारा दिया है कि डाल चाहे सलाखों में अब की बार गुना शहर के दशहरा मैदान हजारों में समाज की एक जुट होकर ही अधिकार मिलेगा। इस दौरान घोषणा की गई कि आगामी 27 सितंबर को गुना दशहरा मैदान में महाआंदोलन किया जाएगा।

चोरी की मोटरमोटरसाईकिल बरामद

## घर के सामने से वाहन चुराने वाले गिरोह का एक चोर गिरफ्तार




**गुना, देशबन्धु।** मृगवास पुलिस द्वारा एक मोटर साईकिल चोर को गिरफ्तार कर बाईक बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी नीतेश पुत्र नंदकिशोर शर्मा निवासी लक्ष्मणपुरा कॉलोनी द्वारा थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, कि 12 सितंबर के दोपहर के समय उसने अपने भाई की मोटर सायकिल क्रमांक एमपी08-एमपी-0154 को अपने घर के बाहर खड़ी की थी। करीब आधा घंटे बाद बाहर आकर देखा तो उक्त मोटर सायकिल वहां से गायब थी। उसके द्वारा आसपास के लोगों से पता करने एवं कैमरे चैक करने पर पता चला कि ग्राम कुसुमपुरा निवासी नीतेश भील अपने साथी सोनू भील निवासी ग्राम पीपलहेड़ा व कमलेश गुर्जर निवासी ग्राम कोलाम्बेह के साथ एक शाईन मोटर सायकिल से वहां आये और जो तीनों योजनावद्ध तरीके से उसकी मोटर सायकिल को चोरी कर ले गये हैं। जिसकी रिपोर्ट पर से आरोपीगण नीतेश भील, सोनू भील एवं कमलेश गुर्जर के विरुद्ध थाने में धारा 379 भादवि के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस ने इस मामले में अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर सघन दविशें दी गईं। जिसके परिणाम गत दिवस प्रकरण के एक आरोपी नीतेश भील के संबंध में मुखबिर से प्राप्त सूचना पर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही कर धरदबोचा। जिसने पूछताछ पर अपने साथी सोनू भील और कमलेश उर्फ कल्ला गुर्जर के साथ मिलकर मोटर सायकिल चोरी करना स्वीकार किया। प्रकरण में गिरफ्तारशुदा आरोपी की निशादेही से पुलिस द्वारा प्रकरण में चोरी गई मोटर सायकिल एवं घटनाक्रम में आरोपियों द्वारा प्रयुक्त मोटर सायकिल जप्त कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया है।

### राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**गुना, देशबन्धु।** राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत कलेक्टर गुना के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गत दिवस पीरामल फाउंडेशन के सहयोग से व आंगनवाड़ी केंद्र मधुसुदनगढ़ क्रमांक 86 एवं बुडना में पोषण प्रदर्शनी, पोषण रंगोली कार्यक्रम, पोषण मटका आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान घर में उपलब्ध खाद्यान्न का उपयोग करने और उनके पोषक तत्वों पर ध्यान देने के लिए जागरूक किया गया।

इस अवसर पर पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो नीरज कुमार, दीपक कुमार एवं समन्वयक उधमसिंह लोधी द्वारा एनीमिया से संबंधित जानकारी साझा की गई एवं फोर्टीफाइड फूड के बारे में भी जानकारी दी गई। फोर्टीफाइड फूड से संबंधित भ्रांतियां पर चर्चा करते हुए भ्रांतियां के संबंध में शंका समाधान किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पोषण एवं स्वास्थ्य के संबंध में रंगोली एवं पौष्टिक प्रदर्शनी के माध्यम से जानकारी दी गई और बच्चों के वजन एवं ऊंचाई की माप भी की गई। कार्यक्रम में सेक्टर सुपरवाइजर शालिनी श्रीवास्तव एवं सविता भार्गव, स्थानीय महिलाएं एवं किशोरी बालिकाएं उपस्थित रहीं।

टिकटों में हिस्सेदारी से लेकर अन्य मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

## चुनावों के पूर्व राजपूत करणी सेना ने भी हुंकार



**गुना, देशबन्धु।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले करणी सेना ने हुंकार भरी है। करणी सेना ने बीजेपी और कांग्रेस से विधानसभा चुनाव में राजपूत समाज के लिए 50 टिकटों की मांग की है। इसके अलावा सरकार से एट्रोसिटी एक्ट के दुरुपयोग को रोकने के लिए कानून बनाने की मांग की है। दरअसल अपनी विभिन्न मांगों को श्री राजपूत करणी सेना प्रदेशभर में स्वराज स्वाभिमान केसरिया यात्रा निकाल रही है। शनिवार को गुना पहुंची यात्रा के तहत करणी सेना के पदाधिकारियों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर अपन नौ सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। जिसमें करणी सेना के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी नहीं होने पर 8 अक्टूबर को मुख्यमंत्री निवास पर धरना प्रदर्शन करेंगे ज्ञापन में राजपूत करणी सेना ने मांग की कि विधानसभा चुनावों में भाजपा-कांग्रेस उन्हें 50 टिकट दिए दे।

इसके अलावा एट्रोसिटी एक्ट के दुरुपयोग को रोकने के लिए कड़ा कानून बनाया जाए, क्षत्रिय समाज के इतिहास के साथ छेडख़ानी ना हो, इसके लिए कानून बनाया जाए। ईडब्ल्यूएस आरक्षण में राजस्थान की तर्ज पर प्रमाण पत्र बनाने में आय स्रोतों में तुरंत सरलीकरण लागू हो, इसके साथ ही मध्यप्रदेश सरकार केंद्र को समान सरलीकरण की सिफारिश करे। जिससे कि सवर्ण समाज के गरीब तबके के लोगों को नौकरी और शिक्षा में अधिक अवसर मिल पाएं। इसके अलावा पंचायत राज्य चुनाव में ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू हो, जिससे गरीब सवर्ण जाति के लोगों की लोकतांत्रिक व्यवस्था में भागीदारी बढ़ सके। वहीं जिले में अभी सूखे की स्थिति है। किसानों के हाल बेहाल है, जल्द से जल्द सर्वे करा कर किसानों को उचित मुआवजा दिलवाया जाए।

# नपाध्यक्ष के नेतृत्व में हुआ जन आशीर्वाद यात्रा का स्वागत




**आष्टा, देशबन्धु।** भाजपा की जनआशीर्वाद यात्रा अंचल के सबसे बड़े ग्राम मैना से प्रारंभ हुई जो अनेकों ग्रामों से होती हुई आष्टा नगर में पहुंची, जहां विभिन्न संगठनों ने अलग-अलग मंच बनाकर यात्रा का भव्य स्वागत किया। नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा के नेतृत्व में नगरपालिका कार्यालय के सामने स्थित मंच बनाकर जन आशीर्वाद यात्रा रथ पर सवार केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्रसिंह तोमर, विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मालवीय का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा, विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, सीएमओ राजेश सक्सेना, नपाउपाध्यक्ष सिद्दीका बी, भूरू खां, पार्षदगण डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, तारा कटारिया, तेजसिंह राठौर, रवि शर्मा, विशाल चौरसिया, तेजपाल मुकाती, नीलेश खंडेलवाल, सहित नगरपालिका के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे।

### जिपं अध्यक्ष ने की आतिशबाजी



**आष्टा देशबन्धु।** नगर प्रवेश पर जन आशीर्वाद यात्रा का ऐतिहासिक स्वागत दर्जनो जगह भाजपा कार्यकर्ता द्वारा किया गया। इससे पहले नगर को भाजपा के बैनरो पोस्टरो से सजाया गया था। जिला पंचायत अध्यक्ष गोपालसिंह इंजीनियर ने जन आशीर्वाद यात्रा में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिह तोमर का साधुवाद करते हुए यात्रा का पुष्पों की बारिश से ऐतिहासिक स्वागत किया गया। गोपालसिंह इंजीनियर द्वारा यात्रा का अलीपुर सहित ढोल ढमाके व आतिशबाजी के साथ अभिनंदन किया । सिविल अस्पताल पर ऐतिहासिक मंच श्री इंजीनियर द्वारा बनाय गया था। मंच के माध्यम से गोपालसिंह इंजीनियर मित्रमंडल द्वारा जन आशीर्वाद यात्रा का ऐतिहासिक स्वागत किया। वही केंद्रीय मंत्री का अभिनंदन किया ।

### कैलाश बगानाने ने की फूलों की बारिश



**आष्टा देशबन्धु।** जन आशीर्वाद यात्रा का कैलाश बगाना के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओ के साथ फूलो की बारिश से गिरते हुए पानी मे ऐतिहासिक स्वागत किया गया। नगर में जैसे ही बाईपास पर जन आशीर्वाद यात्रा में केंद्रीय मंत्री नरेद्र सिंह तोमर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी सैकड़ो कार्यकर्ता के साथ निकाली जा रही थी। भोपाल नाके पर कैलाश बगाना मित्रमंडल द्वारा जन आशीर्वाद यात्रा का ऐतिहासिक स्वागत किया गया। कैलाश बगाना और भाजपा कार्यकर्ता का जूनून बारिश का पानी भी कम नही कर पाया। लगातार जनयात्रा में जनसैलाब बढ़ता ही गया। नगर में शनिवार का एक तरह से ऐतिहासिक दिन रहा।

### जन आशीर्वाद यात्रा को काले झंडे दिखाने की तैयारी में थे एनएसयूआई कार्यकर्ता



**गुना, देशबन्धु।** शहर में आई भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा को एनएसयूआई कार्यकर्ता काले झंडे दिखाने की तैयारी में थे। इसको लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ता हाट रोड पर जमा हुए। लेकिन जैसे ही पुलिस को इसकी भनक लगी तो पुलिस ने जिलाध्यक्ष अन्य कार्यकर्ता को उठाकर कोतवाली ले गए। यहां दिनभर उनके लिए नजरबंद कर दिया। दरअसल शनिवार को जन आशीर्वाद यात्रा ने गुना में प्रवेश किया। शाम को जन आशीर्वाद यात्रा गुना पहुंचनी थी। जिसमें सीएम शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय नेता रविशंकार प्रसाद सहित अन्य भाजपा नेता शामिल होने थे। जिनको काले झंडे दिखाए जाने की तैयारी एनएसयूआई द्वारा कर ली गई थी। यह कार्यकर्ता काले झंडों के साथ हाट रोड पर पहुंचे। जैसे ही यह खबर प्रशासनिक अफसर को लगी, तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर सिटी कोतवाली पहुंचाया। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए एनएसयूआई कार्यकर्ता ने कहा कि भाजपा द्वारा इन दिनों प्रदेश भर में जन आशीर्वाद यात्रा निकाली जा रही है। आशीर्वाद यात्रा का विरोध करने के लिए हम लोग एकत्रित हुए थे। बीजेपी ने प्रदेश भर में व्यापमं 2 घोटाले के तहत प्रदेश के छात्रों की भविष्य के साथ खिलवाड़ की है। ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया है।

## बहन का इलाज कराने पड़ा भारी, 2 सालों के साथ जीजा ने की मारपीट



**गुना, देशबन्धु।** कैंट थानांतर्गत नानाखेड़ी निवासी दो सालों के साथ जीजा ने मारपीट कर दी। जिन्हें घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सालों की गलती सिर्फ इतनी थी कि उन्होंने अपनी बीमार बहन का ईलाज कराने में मदद की थी। इसी बात से नाराज जीजा ने दोनों सालों के साथ मारपीट कर दी। मारपीट की घटना जीजा ने अलग-अलग समय में दोनों सालों के साथ अंजाम दिया। जिला अस्पताल में दोनों भाईयों का गंभीर अवस्था में उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नानाखेड़ी में रहने वाले छोटू केवट (23) एवं उसके भाई अशोक केवट (27) की बहन लंबे समय से बीमारी थी। अपनी बहन के यहां कुछ दिन पहले दोनों उसका इलाज कराने पहुंचे थे। जिसके चलते जीजा ने रंजिश पालते हुए दोनों के साथ गाली गलौंच कर कहा कि तुमने इलाज क्यों कराया। इसी को लेकर गत दिवस छोटू के साथ उसके जीजा ने उसे हाईवे पर बुलाया। यहां जीजा ने अपने साथियों के साथ चाकू से हमला बोल दिया। वहीं बिलोनिया के पास अशोक के साथ मारपीट कर दी। दोनों भाइयों को परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# केंद्रीय मंत्री ईरानी को चूड़ी भेंट की खबर पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष नजरबंद



**आष्टा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की जन आशीर्वाद यात्रा आष्टा और सीहोर में निकाली जा रही हैं। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा कांग्रेस सरकार में डीजल पेट्रोल, गैस सिलेंडर के लिए मांग की गई थी कि ये सब सस्ते दामों पर मिलना चाहिए। उस समय गैस सिलेंडर लगभग 4 सौ रुपए पेट्रोल डीजल 50 रुपए से 60 रुपए में मिलता था। लेकिन आज भाजपा सरकार में पेट्रोल डीजल 90 से 110 रुपए में मिल रहा है। रसोई घर की समस्त चीजे महंगी हो गई है। जिससे माता बहनों में काफी आक्रोश है। शिवराज सरकार में मप्र महिला उत्पीड़न ,दुराचार बलात्कार भ्रष्टाचार, बेरोजगारी में नंबर 1 है। महिलाओं को लाड़ली बहना योजना में लॉलीपॉप दिया जा रहा है और बाकी की चीजों के दाम महंगे किए जा रहे हैं। इन सबका विरोध प्रदर्शन करने के लिए जिला मुख्यालय पर एक कार्यक्रम किया जाना था। और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को चूड़ियां भेंट की जानी थी।जैसे ही प्रशासन को इसकी सूचना मिली जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमति गुलाब ठाकुर को आष्टा में पुलिस द्वारा घर पर ही नजर बंद कर दिया गया। एवं महिला पुलिसकर्मीयो को तैनात कर दिया गया। जैसे ही ये खबर शहर मे फैली वही ज़िला महीला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमति गुलाब बाई ठाकुर के कांग्रेस साथी नगर पंचायत परिषद् कोठरी के अध्यक्ष प्रतिनिधि राधेश्याम दलपति , महिला कांग्रेस ज़िलामहामंत्री हेमलता चौहान, पूर्व न पा अध्यक्ष अकीदा बी, जावर ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम लता माहेश्वरी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद खान गुड्डु, ज़िला पंचायत सद्स्य कमलसिंह चौहान, कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति घनश्याम जांगड़ा ,सुनील कटारा, एच आर परमाल,पार्षद राजकुमार मालवीय, मण्डल अध्यक्ष कोठरी जितेंद्र मंडलोई, सरपंच भेरू सिंह दरबार, डॉ एहजाज खांन,सरपंच दिलिप आंवले ,पार्षद मेहमूद अंसारी, कमलसिंह ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष सेवादाल शंकर सक्सेना, लाडसिंह सोलंकी, अर्जुन सिंह अजय,, श्रीमति शाबान अंसारी, पूजा मालवीय, देवकन्या मालवीय, सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# नरसिंहपुर के रहने वाले थे एक ही फंदे पर फांसी लगाने वाले युवक-युवती



**भोपाल, देशबन्धु।** एमपी नगर थाना क्षेत्र के मोती नगर में शुक्रवार रात एक ही दुपट्टे के फंदे से फांसी लगाकर खुदकुशी करने वाले युवक-युवती नरसिंहपुर के रहने वाले थे। युवती के हाथ में मेहंदी और मांग में सिंदूर लगा था। पुलिस शुरुआती जांच में मान रही है कि शादी के बाद दोनों ने खुदकुशी की होगी।

एमपी नगर थाने के एएसआई केपी सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात लगभग 12 बजे मैंदा मिल के समीप रहने वाले जुबेर कुरैशी ने सुभाष नगर फाटक के समीप स्थित मोती नगर में एक पेड़ पर एक ही फंदे पर ेक युवक व एक युवती के शव लटके होने की सूचना दी थी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस को युवती के पर्स से मिले आधार कार्ड और अंकसूची से युवती की पहचान धर्मवती लोधी पिता पूरन सिंह लोधी 21 और युवक की पहचान देवेंद्र लोधी पिता नारायण सिंह लोधी उम्र 20 वर्ष दोनों निवासीं पिपरिया गांव (नरसिंहपुर) के रूप में हुई। इसके बाद उनके परिजनों को घटना की सूचना दी गई। साथ ही पंचनामा बनाकर दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया। इधर शनिवार को भोपाल पहुंचे। युवती के परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह 11वीं के बाद पढ़ाई छोड़ चुकी थी। वह 13 सितंबर की रात 12 बजे के बाद बिना बताए घर से निकली थी। तभी से लापता थी और मोबाइल नंबर बंद था। उन्होंने बताया कि देवेंद्र पिछले तीन महीने से इंदौर में रहकर गार्ड की नौकरी कर रहा था। एएसआई ने बताया कि दोनों के पास कोई पत्र नहीं मिला है। युवती के हाथ में मेहंदी और मांग में सिंदूर लगा था। शुरुआती जांच में यही सामने आया है कि शादी के बाद सामाजिक बहिष्कार के डर के कारण दोनों ने एक साथ सुसाइड कर लिया। घटनास्थल पर दोनों के मोबाइल नहीं मिले हैं।

# मिक्सर मशीन में दौड़ा करंट, मजदूर की मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी में लगातार हो रही इस बारिश के कारण हादसे भी हो रहे हैं। ऐसी ही एक हादसा बिलखिरिया इलाके में सामने आया, जहां एक निर्माणाधीन स्थल पर मिक्सर मशीन की बाडी में अचानक करंट दौड़ गया, जिसकी चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

बिलखिरिया थाने के एएसआइ शेर सिंह ने बताया कि ग्राम थोकुआ थाना गुलाबगंज जिला विदिशा निवासी 35 वर्षीय बल्लू दांगी श्रमिक था। इन दिनों बिलखिरिया के एलएनसीटी कालेज में निर्माण कार्य चल रहा है, जहां बल्लू दांगी काम कर रहा था। यहां ढलाई का काम होना था। इसके लिए सीमेंट, क्रांक्रीट और बजरी का मसाला बनाने के लिए मिक्सर मशीन को बुलाया था, जो बिजली से चल रही थी। बारिश के बीच इसका तार पानी में चला गया था, जिससे मशीन में करंट प्रभाहित हो गया। तभी बल्लू दांगी का हाथ छू मशीन को छू गया। इससे उसे करंट का जोरदार झटका लगा और उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मजदूर के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के दौरान यह भी देखा जा रहा है कि निर्माणाधीन साइट पर मजदूरों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम हैं या नहीं।

## अमरूद तोड़ते समय हाइटेंशन लाइन को छू गया पाइप, वृद्धा की मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** अशोका गार्डन इलाके में एक वृद्ध महिला की हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अशोका गार्डन पुलिस ने बताया कि 72 साल की वृद्धा फूलवती मालवीय पिछले कुछ दिनों से अशोक बिहार कालोनी में अपने बेटी-दामाद के साथ रह रही थी। उनके दामाद संजू विश्वकर्मा और बेटी दोनों पुलिस में नौकरी करते हैं। वह दोनों शुक्रवार सुबह अपनी ड्यूटी पर चले गए थे। इसके बाद घर में फूलवती अकेली थी। उनके घर के बगल में अमरूद का पेड़ लगा हुआ है। शाम के वक्त बूंदाबादी हो रही थी। उसी दौरान फूलवती घर में रखे लोहे के लंबे पाइप से अमरूद तोड़ने की कोशिश करने लगी। इसी कोशिश में घर के पास से गुजरी हाइटेंशन लाइन में उनका पाइप जाकर टकराया। इससे हल्के धमाके के साथ जोरदार चिंगारी उठी और फूलवती करंट से बुरी तरह से झुलस गई। आवाज सुनकर आसपास के लोग घर से बाहर निकल आए। उन्होंने तुरंत महिला के दामाद और बेटी को इस घटना की जानकारी दी। पुलिस को भी सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने वृद्ध को अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि महिला के दो बेटे हैं, दोनों निजी काम करते हैं। वह झागरिया और खजूरी सड़क में रहते हैं। महिला अपने दामाद और बेटी के घर आ जाया करती थी।

# कार्यशाला में दिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रशिक्षण

**भोपाल, देशबन्धु।** वर्तमान में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (कृत्रिम बुद्धिमत्ता ) और मशीन लर्निंग में रोजगार के अत्यधिक अवसर हैं और सूचना प्रौद्योगिकी आधारित उद्योगों में ज्यादा संभावनाएं बन रही हैं। सूचना प्रौद्योगिकी का भविष्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग में ही है। इसी को देखते हुए भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, (आइआइआइटी) भोपाल की ओर से एम टू एल कार्यशाला और कगल कांटेस्ट (एक डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रतियोगिता) का आयोजन मैनिट परिसर में किया गया। आइआइआइटी, भोपाल के प्रशिक्षण अधिकारी अजय श्रीवास्तव ने बताया कि इस कार्यशाला और प्रतियोगिता का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य उद्योगों से आ रही कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग कौशल की बढ़ती मांग को पूरा करना है। कार्यशाला और प्रतियोगिता में शहर के 12 महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भागीदारी की। विद्यार्थियों को आइटी विशेषज्ञ तनव बजाज के साथ चर्चा करने का मौका मिला। तनव यूनिवर्सिटी आफ ब्रिटिश कोलंबिया और यूनिवर्सिटी आफ टोरंटो, आइआइटी वाराणसी और आइआइटी मद्रास में शोध कार्य कर चुके हैं। तनव ने वर्गीकरण एल्गोरिथम्स और मशीन लर्निंग के पीछे का गणित समझाया। इसके बाद प्रतियोगिता हुआ। प्रतियोगिता में निजी कालेज की इंजीनियरिंग छात्रा जाह्नवी साबले को प्रथम पुरस्कार स्वरूप पांच हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार मयंक सिंह को तीन हजार रुपए तथा तृतीय पुरस्कार विनय बोरकर को दो हजार रुपए व प्रमाण पत्र मिला।

# रेलवे लाइन के पास का अतिक्रमण हटेगा

## 168 लोगों को जारी किए नोटिस, 130 ने लेने से किया इनकार



**भोपाल, देशबन्धु।** मोती नगर, सुभाष फाटक के पास रेलवे लाइन के आस पास अतिक्रमण को हटाने के लिए शनिवार को 168 लोगों को नोटिस दिए गए। लेकिन इनमें से से 138 अतिक्रमणधारियों ने नोटिस लेने से मना किया और महज 30 लोगों ने नोटिस प्राप्त कर पावती दी।

भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता सूबेदार सिंह ने बताया कि रेलवे लाइन के आसपास अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत इंजीनियरिंग विभाग द्वारा पूरे मंडल में रेलवे लाइन के किनारे की भूमि का सर्वे कराकर रेलवे भूमि की सीमा चिन्हित कर उसके अन्दर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि मंडल रेल प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही अतिक्रमण करने वालों को सूचित करके तथा जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर की जाती है।

सूबेदार सिंह ने बताया कि 28 अगस्त को एसडीएम एमपी नगर एवं रेलवे अधिकारियों की संयुक्त बैठक में पुन: नोटिस देना निश्चित किया गया था। इस पर रेलवे विभाग द्वारा नोटिस दिये गये, जिसमें से 6 लोगों द्वारा नोटिस प्राप्त कर पावती दी गई एवं 10 लोगों के घर नोटिस चस्पा किया गया, शेष सभी अतिक्रमणधारियों द्वारा नोटिस लेने से मना कर दिया गया। रेलवे द्वारा पुन: नोटिस जारी किया गया तो 30 लोगों द्वारा नोटिस प्राप्त कर पावती दी गई।

# गणेशोत्सव की तैयारियां शुरू, बच्चों ने बनाए मिट्टी के गणेश



**भोपाल, देशबन्धु।** गणेशोत्सव की तिथि नजदीक आते ही शहर में पर्व की तैयारियां तेज हो गई हैं। विभिन्न स्थानों पर मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं बनाने का काम तेजी से चल रहा है। इसी के तहत अनुनय एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी ने कोलार के सनखेड़ी स्थित सेतु सेंटर पर मिट्टी के गणेश बनाने की कार्यशाला का आयोजन किया।

संस्था की अध्यक्ष माही भजनी ने बताया कि संस्था पिछले 11 साल से बच्चों को गणेश प्रतिमा बनाने की कार्यशाला का आयोजन कर रही हैं। कार्यशाला में श्वेता सोलंकी, जो पिछले 11 साल से बच्चों को गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दे रही हैं, ने बच्चों को मिट्टी के गणेश और पर्यावरण की सुरक्षा का महत्व समझाया। अनिता गवैये और मोना रैकवार भी उपस्थित थीं। इसी प्रकार एप्को के पर्यावरण परिसर में भी मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं बनाना सिखाया जा रहा है।

## मानव संग्रहालय में मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं की बिक्री

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय द्वारा गणेश चतुर्थी के अवसर पर पर्यावरण मित्र गणेश की मूर्तियां बनाकर आम जनता के लिए उचित मूल्य पर उपलब्ध कराई जा रहीं। इन मूर्तियां को संग्रहालय के प्रवेश द्वार नंबर एक के पास स्थित इंटरप्रिटेशन सेंटर से प्राप्त किया जा सकता है।संग्रहालय के प्रतिरूपण अनुभाग के अधिकारी संजय सप्रे ने बताया कि पर्यावरण के लिहाज से ईको फ्रेंडली गणपति काफी अच्छे माने जाते हैं। वहीं यह प्रतिमाएं पानी में जल्दी घुल जाती हैं। इन मूर्तियों में नीम और चंदन के बीज डाले गए हैं, जो कि मिट्टी में घुल कर पौधे के रूप ले लेते हैं। वहीं इन गणपति प्रतिमाओं को सुंदर बनाने के लिए इसमें कच्चे और प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल किया गया है,जो प्रकृति को नुकसान नहीं पहुंचाते।

# मतदाता सत्यापन का कार्य 20 से

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में 20 सितंबर से मतदाता सत्यापन का कार्य शुरू होगा। मतदाता सूची पूरी तरह से शुद्ध हो इसके लिए प्रदेश के सभी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि प्रदेश में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 का कार्य चल रहा है। इसके अंतर्गत प्रदेश के सभी 64 हजार 523 बीएलओ द्वारा 10 दिन तक घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन का कार्य किया जाएगा, जिसकी शुरुआत 20 सितंबर से होगी और यह कार्रवाई लगातार 30 सितंबर तक चलेगी। इस दौरान बीएलओ द्वारा बीएलओ एप के माध्यम से प्रत्येक मतदाता का उसके घर जाकर सत्यापन किया जाएगा। मृत मतदाता और दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाताओं की जांच की जाएगी। जांच के दौरान यदि कोई मतदाता मृत या डुप्टीलकेट पाया जाता है तो मतदाता सूची से उसका नाम हटाने की नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
**यांत्रिक विभाग ( मुख्यालय ) गोविंदपुरा ( बी.एच.ई.एल. )**
**निविदा आमंत्रण घोषणा-पत्र**

क्र.205/यां.वि./2023 भोपाल, दिनांक 14.9.2023

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहर बंद निविदाये निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 2023_UAD_188678_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AT LAXMI PARISAR ROHIT NAGAR MAIN ROAD H.N. 43 TO 82 w-52 Z-13 | 4,88,864-/ | 2 month |

1. Interested bidders can view the NIT on websiite https://www.mptenders.gov.in
2. The Bid Document can be purchased only online from 10:30 A.M. (time) **15.09.2023** (date) to 17:30P.M (time) **29.09.2023** (date)
3. Amendments to NIT, if any, would be published on website https://www.mptenders.gov.in/ only, and not in newspaper.

Exeeutive Engineer
Munieipal Corporation Bhopal
District Bhopal

नि.क्र. 1021/023/024




**भोपाल, देशबन्धु।** जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी द्वारा मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में कठपुतली कला की विविध शैलियों पर एकाग्र पुतुल समारोह में चौथे दिन 16 सितंबर को दोपहर में हेमलता जिम्बो द्वारा प्रस्तुति दी गई। वहीं संध्या में दस्ताना, छड़, धागा शैली मेंविभाष उपाध्याय एवं साथियो भिलाई द्वारा चरणदास चोर और पण्डवानी का प्रदर्शन किया गया।

## पोर्टल प्रारंभ

**भोपाल, देशबन्धु।** जिले के सभी शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय के लिए एनआईसी 2.0 पोर्टल वर्ष 2023-24 के आवेदन प्राप्त करने के लिए 31 दिसम्बर तक खोलने की व्यवस्था की गई है। प्राचार्य इस पोर्टल के माध्यम से अनुसूचित जाति/जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना अंतर्गत नवीन एवं नवीनीकरण के आवेदन करा सकेंगे ताकि पात्र छात्र-छात्राओं को योजना का लाभ प्राप्त हो सके।


**कार्या. सुविधा प्राथ. सहकारी उपभोक्ता भण्डार मर्या. आजाद वार्ड बैतूल**

दिनांक 16.09.2023

**सूचना**
**वार्षिक आमसभा**

सुविधा प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार मर्या. आजाद वार्ड/किदवई वार्ड बैतूल के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाताहै कि सुविधा प्राय: उपभोक्ता भण्डार की वार्षिक आमसभा दिनांक 29.09.2023 दिन शुक्रवार को दोपहर 3.00 बजे में सुविधा उप. भण्डार आजाद वार्ड के संस्था कार्यालय भवन में आयोजित की जा रही है। जिसमें विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया जावेगा।

अत: बैठक में आप सभी सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

धन्यवाद

**भवदीय**
**( घनश्याम पाटनकर )**
**प्रबंधक**



**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति हरदा**
**जिला-हरदा ( म.प्र. )**

EMAIL-mpapmcharda2@gmail.com EMAIL-mpapmcharda@gmail.com

क्रमांक/मंडी/निर्माण/23-24/1603 हरदा दिनांक 16.09.2023

**प्रस्थापापना ( ऑफर ) आमंत्रण विज्ञप्ति सूचना**

मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी (भूमि एवं संरचना का आवंटन) नियम-2009 अंतर्गत मंडी प्रांगण हरदा में शॉपकम गोदाम हेतु भू-खण्ड का आवंटन हेतु प्रस्थापना (ऑफर) आमंत्रण पद्धति से प्रस्थापना आमंत्रित की जाकर प्राप्त दरों की संवीक्षा दिनांक 04.10.2023 दिन बुधवार को समय 01.00 बजे अपरान्ह मण्डी कार्यालय हरदा में निम्न विवरणानुसार की जावेगी:-

| क्र. | संरचनाओं का नाम एवं स्थल | संख्या | क्षेत्रफल (प्रतिवर्ग मीटर) | वार्षिक अनुज्ञप्ति शुल्क | ऑफसेट वैल्यू (प्रतिनग) | प्रस्थापना आफर प्रस्तुत करने हेतु जमा की जाने वाली अग्रिम राशि रू. (प्रतिनग) | आवंटन अवधि | पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | भू-खण्ड (मंडी | 01 नग | 63 | 2,520.00 रू. | 6.81 लाख | 68,100.00 रू. | 30 वर्ष | अनुज्ञप्तिधारी हेतु |

शर्तें:-

1. एक फर्म/व्यक्ति/संस्था को मण्डी प्रांगण में केवल एक ही संरचना/भू-खण्ड आवंटित किया जावेगा।
2. उल्लेखित भू-खण्ड के लिये कॉलम 06 में निर्धारित दर न्यूनतम शासकीय ऑफर होगा।
3. प्रस्थापना-आवंटन संबंधी विस्तृत शर्ते एवं नियम तथा आवेदन पत्र दिनांक 02.10.2023 तक कार्यालयीन समय में मंडी हरदा में अवलोकन/प्राप्त की जा सकती है।
4. प्रस्थापना ऑफर प्रस्तुत किये जाने हेतु आवेदक को प्रथम लिफाफे के भीतर अग्रिम धन की राशि (जो 'सुरक्षा निधि' माना जावेगा) बैंकर्स चेक/बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा करायी जावेगी, संवीक्षा के समय उपरोक्त अग्रिम धन पाये जाने पर प्रथम लिफाफे के भीतर रखे हुये द्वितीय लिफाफे को खोला जाकर प्रस्तुत प्रस्थापना ऑफर पर विचार जावेगा, उपरोक्तानुसार प्राप्त लिफाफे दिनांक 02.10.2023 सायं 5.30 बजे तक कार्यालय में स्वीकार्य किये जावेंगे।
5. संवीक्षा कार्यवाही उपरांत प्रथम दो उच्चतम दर प्रस्तुतकर्ता की राशि रोकी जावेगी तथा शेष दर प्रस्तुतकर्ताओं की राशि वापिस कर दी जावेगी।
6. 01 नग भू-खण्ड आवंटन हेतु उपलब्ध होने से आवंटन नियम 2009 के नियम 04 में निहित प्रावधान अंतर्गत उक्त भू-खण्ड आरक्षण से मुक्त होकर अनारक्षित होने से समस्त वर्ग के मध्य प्रतिस्पर्धा रहेगी।
7. नियत समय तक प्राप्त प्रस्थापना ऑफर, स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार संवीक्षा हेतु गठित समिति का होगा।

**सचिव**
**कृषि उपज मण्डी समिति हरदा**

**भारसाधक अधिकारी**
**कृषि उपज मण्डी समिति हरदा**



**VEHICLES / MACHINERY AUCTION NOTICE**

**Onlene / offline bids are invited for the sale of the following vehicles / machinery.**

| Deal No | Asset class | Asset Make / Model | Year of Manufac ture | Registration No | Engine No | Chasiss No | Parked at - Yard Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| IBA01276T | Tractor | SONALIKA SOLIS 4215 2WD 43 HP | 2022 | | 3102FLU24J1228818F19 | KXRSJ1238073S3 | GUNA |
| IBB01277T | Tractor | ESCORTS CHAMPION PLUS 44 HP | 2021 | MP04AJ3309 | E2536551 | T052537581LK | BHOPAL |
| IBB01288T | Tractor | EICHER 380DI 38HP | 2021 | MP13ER6266 | S325L79215 | 930613169742 | BHOPAL |
| IBB01539T | Tractor | SONALIKA DI 734 POWER PLUS OIB | 2022 | MP04AJ4184 | 3100DL24C1154669F3 | GZQSJ1162604SM | BHOPAL |
| IBG01247T | Tractor | MAHINDRA 575DI BP MKM OIB WL - BS3A | 2015 | MP8AC2962 | RKBB05845 | RKBB05845 | GUNA |
| IBG01521T | Tractor | EICHER 485DI 45HP | 2016 | MP08AC3758 | 523927251309 | 924111560856 | GUNA |
| IBG01961T | Tractor | TAFE MF 241 PLANETARY PLUS 42 HP | 2021 | MP08AD4164 | S3251L75356 | MEA8D061EM2366147 | GUNA |
| IBG02073T | Tractor | ESCORTS FT CHAMPION 39 39HP | 2021 | MP08AD4819 | E2560227 | T052564118EK | KOTA RAJASHTAN |
| IBG02398T | Tractor | EICHER 485DI 45HP | 2022 | MP08AD5820 | 531027266566 | 931111599264 | GUNA |
| IBG02614T | Tractor | MAHINDRA B275DI TU BP MKM WL - BS3A | 2016 | MP08AC4081 | NFBJ00388 | NFBJ00388 | GUNA |
| IBG02691T | Tractor | M&M 575 SP PLUS POWER STRG 47HP 092022 | 2022 | MP08ZA9398 | NNA2GDJ0016 | MBNGAALU2NJA00127 | GUNA |
| IBH02029T | Tractor | TAFE MF 7250 POWER EPD CM MS 1075 50HP | 2022 | | SJ3271337236 | MEAC9025FM2431402 | BABAI HOSHANGABAD |
| IBH02060T | Tractor | SONALIKA SOLIS 4215 2WD 43 HP | 2022 | | 3102FLU24D1156208F19 | GXRSJ1166370S3 | FOUZDAR YARD HOSHANGABAD |
| IBH02099T | Tractor | SONALIKA DI-42Â MULTISPEED SHUTTLE TECH | 2022 | MP05ZB1405 | 3102NL24I1219149F33 | DWRDJ1227491S3 | FOUZDAR YARD HOSHANGABAD |
| IBH02187T | Tractor | EICHER 485DI 45HP | 2022 | | 531827277120 | 931811530341 | HARDA |
| IBH02217T | Tractor | ITLDI-47 RX OIB PS | 2022 | MP05ZB2062 | 3105ELU24J1232869F20 | KZVDJ1241194S3 | FOUZDAR YARD HOSHANGABAD |
| IBH02225T | Tractor | TAFE MF 7250 DI POWER EPD CMMS 1077 50HP | 2023 | | SJ327B47958 | MEAC9025AP2456143 | FOUZDAR YARD HOSHANGABAD |
| IBH02244T | Tractor | EICHER 485DI 45HP | 2023 | | 932314361773 | 532327486869 | FOUZDAR YARD HOSHANGABAD |
| IBS00919T | Tractor | EICHER 333DI 33HP | 2020 | MP37AC1017 | S324F15469 | 929614106432 | BHOPAL |
| IBS02043T | Tractor | ITLDI-745 RX OIB PS | 2022 | | 3105ELU24D1163055F20 | FZCDJ1171654S3 | BHOPAL |
| IBS02184T | Tractor | ESCORTS FT-35 CHAMPION XP37 | 2022 | | E2591536 | T052599981C | BHOPAL |
| IBS02232T | Tractor | SONALIKA DI-42Â MULTISPEED SHUTTLE TECH | 2022 | | 3102NL24G1188456F33 | EWRDJ1198685S3 | BHOPAL |
| IBU01571T | Tractor | SONALIKA DI 50 RXOIB PS | 2022 | MP48ZB4716 | 3105ELU24D1158812F20 | GZVDJ1166415S3 | BETUL |
| IBU01573T | Tractor | MF7250POWERUPSJ327 14.9*28PS RMB VALV858 | 2022 | MP48AB1310 | S3255M29455 | MEABAF99BN2412772 | BETUL |
| IBU01698T | Tractor | SWARAJ 744 XT 48HP | 2022 | | EZ4001SEE14033 | MBNBU53ADNCE18581 | BETUL |
| IBU01752T | Tractor | SONALIKA SOLIS 5015 2WD 50 HP | 2022 | | 3105NH24J1230694F29 | KXTDJ1239046S3 | BETUL |
| IDN00264T | Tractor | SONALIKA DI 50RX OIB PS MULTISPED SHUTLE | 2021 | MP37AC4480 | 3105NH14F1066267F29 | HZGDR1072084S3 | BHOPAL |
| IDN00346T | Tractor | SONALIKA DI 50 RXOIB PS | 2022 | | 3105NH24G1189374F29 | EZGDJ1199280S3 | BHOPAL |
| IDN00366T | Tractor | SONALIKA DI 734 POWER PLUS OIB | 2022 | | 3100NS24H1200606F31 | JZQSJ1210932S3 | BHOPAL |
| JCP00052T | Tractor | M&M 585 BP OIB CRPTO POWER STEERING | 2019 | MP05AH9951 | NJH6CBE1400 | MBNAAANUAJNH01450 | BABAI HOSHANGABAD |

For any queries or inspection of the vehicles, plase contact - Indusind Bank Ltd.,Vehicle Finance Division (TFE)

Kwality Business Center, Plot No 07,M.P. Nagar Zone-2,Bhopal 462011,Mob. 7448806136,9340828306,9977724614

# साहित्य

■ धर्मवीर भारती

# हिन्दू या मुसलमान

कहानी



सरकारी अस्पताल के बरामदे में 30 लाशें एक कतार में रक्खी हुई थीं। लाशें, नहीं उन्हें लाशें कहना गलत होगा, मगर उन्हें जिन्दा भी नहीं कहा जा सकता था। वे सूखी हड्डियों के मुरदार ढाँचे जिन पर जर्द, झुर्रीदार चमड़ा मढ़ा हुआ था । कलकत्ते की विभिन्न सड़कों से मुरदे उठाकर लाये गये थे इलाज के लिये । उन्हें भूख की बीमारी हो गयी थी और इसीलिये वे चलते-चलते सड़क पर गिर पड़ते थे और धीरे-धीरे दम तोड़ देते थे । हिन्दोस्तान जैसे खराब आबोहवा के देश में जहाँ आये दिन एक बीमारी चल पड़ती है, यह भी एक नयी बीमारी चल निकली थी। झुण्ड के झुण्ड लोग गाँवों से चल पड़ते और चलते-चलते बिना दायीं और बायीं पटरी का ख्याल किये गिर पड़ते और फिर उठने का नाम न लेते। शासकों ने समझा यह सत्याग्रह का कोई नया तरीका है मरने दो; मेडिकल विभाग ने समझा यह मलेरिया की कोई नयी किस्म है जो बंगाल के लिए साधारण बात है। लेकिन बीमारी बढ़ती गयी। जब सड़कों पर पड़ी हुई लाशों की वजह से, मारवाड़ियों की मोटरें, दफ्तर की बसें और फौज की लारियों के आने-जाने में रुकावट होने लगी तो हमारी मेहरबान सरकार को फिक्र हुई, और इसीलिए वे 30 भुखमरे, सरकारी अस्पताल में जाँच के लिए लाये गये और सावधानी से बरामदों में नरम और सीले हुए पक्के फर्शों पर लिटा दिये गये ।

डाक्टर परेशान थे, नर्सों परेशान थीं। यह भी क्या बीमारी है ? और एकदम से तीस नये मरीज ।

बरामदे में शान्ति थी । एक सुनसान कब्रगाह की तरह डरावनी खामोशी । मुरदे खामोश थे। एकाएक खटखट की आवाज हुई और एक नर्स बरामदे की सीढ़ियों पर चढ़ती हुई दीख पड़ी। चढ़ने में उसका मोजा नीचे खिसक गया और वह रुक कर उसे ठीक करने लगी। उसके जूतों की खटखट शायद किसी भुखमरे के बेहया दिल से जा टकराई। उसने करवट बदली। नर्स आगे बढ़ी और जब उसके पास से गुजरने लगी तो उसने बेबस निगाहें उठाकर नर्स की ओर देखा और बहुत प्रयत्न कर बोला- 'पानी।'

नर्स पल भर को ठिठकी ।

'उहँ, कहाँ तक कोई काम करे सुबह से पोशाक भी तो नहीं सम्हाल पायी हूँ।' वह आगे बढ़ गयी ।

मरीज की प्यासी पसलियों से फिर दर्दनाक कराह उठी- 'पानी ।'

'मरने दो !' नर्स ने कहा। और बगल के कमरे में एक शीशे के सामने खड़े होकर गले में बँधे रूमाल की गाँठ खोलने लगी ।

'पानी ', घुटती हुई आवाज़ बोली। वह अभागा मरीज भी अपनी जिन्दगी और मौत की गाँठ खोलने में व्यस्त था ।

नर्स परेशान थी । गाँठ खुल ही नहीं रही थी। वह आदमी चुप हो गया। नर्स ने अपनी पोशाक ठीक की और चली गयी।

मरीज की कराह बन्द न हुई । बगल की लाश में कुछ हरकत हुई और कम्बल उठाकर एक बुढ़िया ने सर बाहर निकाला। उसके बाद वह उठी और कंकालों की तरह लड़खड़ाते हुए एक टीन के डब्बे में पानी लायी और मरीज के मुँह से लगा दिया। पहला घूँट गले से उतरा मगर दूसरा घूँट हिचकी के कारण नीचे गिर गया। बुढ़िया ने क्षण भर मायूसी से मरीज की ओर देखा और उसके बाद चुपचाप कम्बल के नीचे लुढ़क गयी ।

इतने में नर्स डाक्टर को साथ लेकर लौटी और प्यासे मरीज की ओर इशारा किया। डाक्टर ने स्टेथेस्कोप लगाकर देखा। उस कम्बख्त की प्यास हमेशा के लिए बुझ गयी थी । डाक्टर ने स्टेथेस्कोप हटाया और अजीब आवाज में कहा - 'खतम।'...

फिर जेब से नोटबुक निकाली। घड़ी देखकर टाइम दर्ज किया और नर्स से पूछा - 'यह भुखमरा कहाँ से लाया गया था।'

'सप्लाई आफिस के सामने से ! नर्स ने जवाब दिया।

'हिन्दू था, या मुसलमान ।'

'मालूम नहीं।'

'मालूम नहीं ? अच्छा इसके बगलवाले मरीज से पूछो ?'

नर्स ने बगल वाले मरीज को उठाया। वह नहीं उठा।

डाक्टर ने जूते से कम्बल उलट दिया और डाँटकर कहा- 'उठो ?'

बुढ़िया काँपकर उठ बैठी ।

'यह आदमी कौन था ?' डाक्टर ने पूछा ।

बरामदे में शान्ति थी । एक सुनसान कब्रगाह की तरह डरावनी खामोशी । मुरदे खामोश थे। एकाएक खटखट की आवाज हुई और एक नर्स बरामदे की सीढ़ियों पर चढ़ती हुई दीख पड़ी। चढ़ने में उसका मोजा नीचे खिसक गया और वह रुक कर उसे ठीक करने लगी। उसके जूतों की खटखट शायद किसी भुखमरे के बेहया दिल से जा टकराई।

'हुजूर यह आदमी भूखा था ।'

'भूखा था ? यह कौन पूछता है-ठीक से जवाब दो।' डाक्टर ने डाँटा ।

'देखो ! यह सरकारी काम है ! नर्स ने आहिस्ते से समझाया- 'सरकार यह नहीं पूछती कि यह आदमी भूखा था या प्यासा । सरकार यह पूछती है कि यह आदमी हिन्दू था या मुसलमान ? बोलो अस्पताल के रजिस्टर में दर्ज करना है।'

'मालूम नहीं हुजूर !' बुढ़िया बोली ।

'उहँ जाने दो। अच्छा उधर वाले मरीज से पूछो ?'

उधर वाला मरीज बोला ही नहीं। नर्स ने डाँटकर पूछा तब भी उसने जवाब नहीं दिया, क्योंकि वह मर चुका था और मुरदों को मजहब की पहचान नहीं होती क्योंकि वे ईश्वर के समीप पहुँच जाते हैं।

डाक्टर एक और नया मुरदा देखकर चिन्तित हुआ। उसने स्टेथेस्कोप लेकर जाँच करनी शुरू की। लगभग इक्कीस भुखमरे मर चुके थे ।

डाक्टर ने अपने सहकारी को बुलाया और कहा ङ्क 'देखो इन बचे हुए भुखमरों को एक-एक तेज इंजेक्शन देकर निकाल दो। वरना ये भी मर जायँगे ।'

'यदि यहाँ नहीं तो बाहर मर जायँगे ! सहकारी ने उत्तर दिया। 'बाहर मरने की परवाह नहीं । यहाँ मरेंगे तो सरकार की बदनामी होगी। और देखो - अखबार को रिपोर्ट दो कि कुल 7 की मौत हुई। बाकी यहाँ लाने के पहले ही मर चुके थे। समझे।' और थोड़ी देर बाद बाकी भुखमरे निकाल दिये गये ।

बुढ़िया बेहद कमजोर थी। वह पाँच कदम चली और बैठ गयी। पेट में जब भूख आँतों को मरोड़ने लगी तब वह फिर उठी और किसी तरह घसीटती हुई आगे बढ़ी।

बगल में एक साबुन की कम्पनी थी जिसके दरवाजे पर एक मोटा दरबान बैठा था । बुढ़िया उसके सामने गयी और हाथ फैला दिये। लेकिन कुछ बोल न पायी। गले में आत्मसम्मान आकर रुँध गया। दरबान ने देखा और एक क्रूर हँसी हँसकर बोला- 'चल ! चल ! आगे बढ़, अगर तू जवान होती तो इज्जत बेचने पर शायद 8-10 पैसे मिल भी जाते- अब किस बिरते पर भीख माँगने आयी है। ङ्क चल हट ?'

बुढ़िया की झुर्रीदार पलकों में दो बेहया आँसू झलक गये ।

वह चलने को मुड़ी कि दरबान बोला- 'तुझे खैरात चाहिए । यहाँ खैरात की कमी नहीं। हिन्दुस्तानी तो अपने बाप के मरने पर खैरात करते हैं, फिर जिन्दा लाशों के लिए क्यों न खैरात करेंगे। उधर जा, वहाँ सेठों ने ढाबा खोल रक्खा है।'

बुढ़िया उधर की ओर चली। भोजनालय के द्वार पर बेहद भीड़ थी । हड्डियों के अनगिनत कंकाल प्रेतों की भाँति सूखे हाथ फैलाकर बैठे थे। उबले हुए ज्वार की महक हवा में फैल रही थी। बुढ़िया ने एक गहरी साँस ली जैसे साँसों के सहारे पेट भरने की कोशिश कर रही हो ।

कार्यकर्ताओं ने जुआर की खिचड़ी से भरी हुई एक देग लाकर सामने रक्खी और करछुल से निकालकर जुआर बाँटने लगे। एक हंगामा-सा मच गया। बुढ़िया उठी और कुत्ते को भगाकर देग खिसकाने का व्यर्थ प्रयास करने लगी ।

इतने में एक कार्यकर्त्ता चीखा- 'देखो ! देखो उसने देग छू ली।' 'देग छू ली ! हिन्दू है या मुसलमान ?'

'मुसलमान मालूम होती है।'

'निकाल दो कमबख्त को ?'

बुढ़िया लाञ्छना से पीड़ित होकर उठ गयी। उसका कसूर क्या था ?

वह उठी और सर झुकाकर चल दी।

सामने ही एक दूसरा ढाबा था। उसकी हिम्मत न हुई वहाँ जाने की, लेकिन उस पर चाँद-तारे का एक हरा झण्डा लगा हुआ था । उसको कुछ सान्त्वना हुई और वह वहाँ चली गयी। सामने एक वालन्टियर था । उसने रोका - 'यहाँ सिर्फ मुसलमानों को खाना मिलता है ।

'मैं भी मुस्लिम हूँ' बुढ़िया ने जवाब दिया । 'सामने के ढाबे से खाकर आयी है, काफिर है; साफ काफिर, शक्ल से नहीं देखते।' दूसरा वालन्टियर बोला-

'भाग ! भाग ! यहाँ काफिरों की गुजर नहीं चल हट ?'

बुढ़िया का चेहरा तमतमा गया और चीखकर बोली-

'खुदा के बन्दो ! अल्लाह ने अनाज के दानों पर मजहब की छाप लगाकर नहीं भेजा है। तुम्हारी ओछी बात सुनकर मुझे अपने मुसलमान होने में शरम आती है । '

'पागल है ?' एक बोला-

'भूख से दिमाग खराब हो गया है।'

'अल्लाह काफिरों को ऐसी ही सजा देता है।'

बुढ़िया कहती ही गयी - 'तुम काफिरों को खाना नहीं देते, मत दो। मत दो कमबख्तो ! वह धरती अभी कहीं नहीं गयी जिसने हम सब को बिना मजहब के ख्याल के पैदा किया है। तुम्हारा अनाज लेने के बजाय उसी धरती पर मर जाना मैं ज्यादा पसन्द करूँगी। खुदा तुम्हारा भला करे ।'

और वह हाँफती हुई एक ओर चली गयी।

दूसरे दिन कलकत्ते के एक प्रमुख दैनिक में छपा था-

'बंगाल के इस अकाल में समस्त भारत, प्रान्त और धर्म का भेद-भाव भुलाकर सहायता कर रहा है। मारवाड़ियों और इस्फहानियों, दोनों ने सार्वजनिक भोजनालय खोले हैं। इस सम्बन्ध में हम सरकारी अस्पतालों की मूल्यवान सहायता भी नहीं भुला सकते। हम इन सबके हृदय से कृतज्ञ हैं।'

इसके नीचे एक छोटी-सी नगण्य और महत्त्वहीन खबर छपी थी ।

'यद्यपि सरकारी अस्पतालों के कार्य से भुखमरों की संख्या में भारी कमी है, फिर भी अभी मौतें बराबर हो रही हैं। मुस्लिम ढाबे के नजदीक एक बुढ़िया की लाश पायी गयी है जो ठीक वक्त से अस्पताल न पहुँच पाने के कारण मर गयी।

यह नहीं समझ में आता कि लाश जलायी जाय या दफनाई जाय, क्योंकि यह पहचान नहीं पायी है कि बुढ़िया हिन्दू थी या मुसलमान... ।'


## कविता

■ सौरभ सेन राही

ये सब जो चल रहा है
सदियों से चल रहा है,
चूंकि चलते रहना
जीवित
होने का भ्रम है
इसलिए यह क्रम है,
बिना किसी सार्थकता के
कुछ भी बोलना,
कुछ भी सुनना,
कुछ भी देखना
कुछ भी करना,
वृथा जीना वृथा मरना,
सैकड़ों कहानियों की
अनगिन कल्पनाओं की
बहुरंगी कतरनें अपनी
जीवेषणा के खोल में
भरे हुए जीते रहना
और हलाहल पीते रहना
फिर एक दिन आयेगा
सबका गला रूंध जायेगा
सब देखेंगे अपनी नंगी
आंखों से शमशान मे
बदलते इस उपवन की
त्रासदी
और हम कुछ न बोल
पायेंगे
केवल निकलेगी कंठ
से लहू की धार
हांफते चिल्लाते सब
सुनेंगे हाहाकार
कामनाओं का इच्छित
अधिभार
तमस मे डूबते प्राणों का
चीत्कार
संभवत: कोई सुन पाये
मुक्तिपथ भी चुन पाये
फिर भी यह निश्चित है
अस्तित्व की करुण
पुकार
हमे बुलाती रहेगी
अंतरशून्य को जगाती
रहेगी
मेरे मित्र तुम सुन लेना
मुक्ति का पथ तुम चुन
लेना।

छत्तीसगढ़

## ग़ज़ल



■ असरार-उल-हक़ मजाज़

हुस्न को बे-हिजाब होना था
शौक़ को कामयाब होना था

हिज्र में कैफ़-ए-इज़्तिराब न पूछ
ख़ून-ए-दिल भी शराब होना था

तेरे जल्वों में घिर गया आख़िर
ज़र्रे को आफ़ताब होना था

कुछ तुम्हारी निगाह काफ़िर थी
कुछ मुझे भी ख़राब होना था

रात तारों का टूटना भी मजाज़
बाइस-ए-इज़्तिराब होना था

## व्यंग्य

■ मुकेश राठौर

# हिंदी के घर हिंदी दिवस




हिंदी दिवस के अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित इंग्लिश मीडियम स्कूल के कुछ सोशल मीडिया कवि टाइप हिंदी प्रेमी शिक्षक, हिंदी के घर पहुंचे। जैसे वृद्ध दिवस पर बेटे-बहू और शिक्षक दिवस पर भूतपूर्व छात्र क्रमश: वृद्धाश्रम और विद्यालय पहुंचते हैं। पहुंचाना भी चाहिए क्योंकि जो दिवस जिसके लिए आरक्षित है,कम से कम उस दिन तो उसे याद करना बनता ही है। वरना दिवस बनाने और मानने का औचित्य ही क्या रह जायेगा ! मालूम हो कि हिंदी कभी इस स्कूल की प्रधान हुआ करती थी लेकिन जब से विद्यालय स्कूल बना और अंग्रेजी प्रिंसिपल हुई हिंदी अवशेषी अंग बनकर रह गई और फिर शनै-शनै अनियमित होते-होते एक दिन शाला त्यागी हो गई। जैसे घरों में डेढ़ सयानी बहूओं के आने के बाद सासों के साथ होता है।

सुना हैं कि अंग्रेजी पढ़ने-पढ़ाने वाले लोग सभ्य होते हैं, अंग्रेजी ओढ़ते हैं, अंग्रेजी बिछाते हैं, अंग्रेजी खाते हैं, अंग्रेजी पीते हैं, सभ्यता तो वैसे ही आ जाती है, कदाचित इसीलिए यहां के कुछ सुधि शिक्षक हर साल अपने स्कूल की संस्थापक भाषा हिंदी को याद कर लिया करते हैं. जैसे पार्टियों में मार्गदर्शक बनकर बैठे वरिष्ठ नेताओं को गाहे-बगाहे याद कर लिया जाता है. बहरहाल हिंदी डे मनाने हेतु वे शॉल,श्रीफल,फूलमाला और प्रशस्ति पत्र लेकर पहुंचे। अपनी मातृभाषा के लिए इतना वार्षिक खर्चा तो बनता है. आजकल सम्मान पर होने वाले खर्च राशि,देने वाले हाथ और स्थान से सम्मान का वज़न तौला जाता है.

हिंदी प्रेमियों ने देखा एक पुराने से कमरे में घर की दादी माँ संस्कृत खाट पर पड़े कराह रही है. दूसरे कमरे में मां हिंदी उदास लेटी है, अपनों की उपेक्षा से संस्कृत की सांस रुद्ध हो रही थी तो हिंदी की हालत हिंग्लिश हो गई थी. सिरहाने और पैताने बोलियां खड़ी हैं. इस चिंता में कि किसी दिन दादी और मां को कुछ हो गया तो हमें घर में कौन पूछेगा ! मां तब तक मायका अब जबकि हिंदी की ही एक बेटी निमाड़ी का उन्नीस सितंबर को जन्मदिन आने वाला है ,लेकिन...! मां खुश नहीं तो कुछ नहीं ओ मां, ओ मां...के बाद भी हिंदी द्वारा हुंकारा तक न दिए जाने से इन हिंदी प्रेमियों को आवत ही हरषै नहीं,नैनन नहीं सनेह वाली फीलिंग हुई, कुछ और बोलते इससे पहले ही एक बोली बतियाने लगी कि मां को साल भर बोलने के बदले एक दिन उन पर बोल कर सब पानी बोल डाल जाते हैं, मां जब विद्यालय जाती थी बहुत खुश थी, कहती अंग्रेजों के जमाने में बहुत दुख झेले। मैं ही नहीं मेरी बेटियां भी दुनिया पर राज करेगी।अफ़सोस अंग्रेज चले गए मगर अंग्रेजी छोड़ गए. जैसे-जैसे विद्यालय छूटा ,उम्मीद की डोर छूटती गई। वह आप से बात नहीं करना चाहती।

हिंदी के सम्मान की प्रतीक्षा में खड़े हिंदी प्रेमियों ने कहा कि हम हिंदी का दुख समझते हैं,हमें पता है कि वे स्वाभिमानी है। वे नहीं आएंगी तभी तो हम खुद चलकर आ गए। प्लीज उन्हें समझाइये। कुछ देर की तो बात है. यकीन मानिए सालभर डिस्टर्ब नहीं करेंगे। इस बीच हिंदी खुद आ गई। बोली मैं सम्मान के लिए तैयार हूं लेकिन घर बैठे नहीं !मुझे विद्यालय में सम्मानित कीजिये। मुझे मेरे पद पर प्रतिष्ठित कीजिये। हिंग्लिश बन चुकी हिंदी के फिर से स्कूल लौटने की बात पर हिंदी प्रेमियों के होश उड़ गए, कहां तो वे फॉरमैलिटी निभाने आये। थे और कहां हिंदी फिर फॉर्म में लौट आई. उन्हें अपने बचों और पेरेंट्स के हिंदी-हिंदी हो जाने का भय सताने लगा, वे सम्मान सामग्री वहीं छोड़ उल्टे पांव लौट गए. ।

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### अवैध गांजे के साथ पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ा

**गैरतगंज, देशबन्धु।** थाना अंतर्गत पुलिस कार्रवाई में अवैध गांजे के साथ तीन आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस द्वारा यह पूरी कार्रवाई अवैध मादक पदार्थों के विक्रय एवं परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु अभियान के तहत की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र गैरतगंज में मादक पदार्थो की रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा धड़पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत गैरतगंज पुलिस ने मादक पदार्थ गांजा के व्यवसाय में लिप्त आरोपी शंकर आ गणेशराम लोधी निवासी ग्राम घाना, लक्ष्मण आ हुकम सिंह धाकड़ टेकापार कालोनी एवं राजेश राय आ प्यारेलाल राय रजपुरा को पकड़ा है। तीनो आरोपियों के कब्जे से 4.150 किलो ग्राम गांजा जिसकी कीमत 41500 रु को जब्त किया है। पुलिस की यह पूरी कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में की गई है। थाना प्रभारी महेश टांडेकर ने बताया कि तीनों आरोपियों के ख़िलाफ़ 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। तीनो आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

### मंडी कर्मचारियों ने हड़ताल को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**भेरुन्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** संयुक्त संघर्ष मोर्चा मप्र. मण्डी बोर्ड भोपाल के आव्हान पर शनिवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भैरूंदा को मंडी कर्मचारियों द्वारा ज्ञापन दिया गया। जिसमें मंडी समिति एवं मंडी बोर्ड के विगत 3 वर्षो से लंबित मांगों पर उचित कार्यवाही नहीं किये जाने पर समस्त अधिकारी,कर्मचारियों द्वारा काली पट्टी बांधकर आंदोलन का शंखनाद किया गया। 18 सितंबर को लंबित मांगों पर उचित कार्यवाही क्रियान्वयन होने तक क्रषि उपज मण्डी समिति भेरुन्दा के सभी अधिकारी / कर्मचारी हड़ताल पर रहेगे ।

### जुआरी गिरफ्तार, 81 हजार नगदी जप्त

**सिरोंज, देशबन्धु।** पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब 81 हजार रुपए नगदी जप्त की गई। पुलिस मुखबिर की सूचना पर कालामहल पहुंची तो देखा कि पवन भार्गव के मकान के पीछे बाड़े में बिजली के बल्ब की रोशनी में कुछ लोग ताश पत्तों से रूपये की हारजीत का दाव लगा कर जुआ खेलते दिखे। जिन्हें पकड़ा और पूछताछ में उन्होंने अपना नाम वकील खां निवासी छिपेटी बाजार सिरोंज, शाहरूख कुरैशी निवासी टोरी मोहल्ला सिरोंज, पवन भार्गव निवासी कठाली बाजार सिरोंज, सुनील शर्मा निवासी रामलला पथ सिरोंज, खिजर अली निवासी किडी मोहल्ला सिरोंज, साविर खां निवासी रकाबगंज सिरोंज, सुमित साहू निवासी दिल्ली दरवाजा सिरोंज, अशफाक खां निवासी किडी मोहल्ला सिरोंज, अरमान निवासी नयापुरा सिरोंज के होना बताया। जिनके पास व सामने फड़ से कुल 81000 रूपये, 52 ताश के पत्ते मिले। आरोपियों पर धारा 13 जुआ एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस कार्रवाई में उनि. राकेश रघुवंशी, प्र.आर. अमित मिश्रा, आर. संतोष, सुनील, मिथुन ठाकुर की प्रमुख भूमिका निभाई।

### विधायक ने बांटे जन आशीर्वाद यात्रा के लिए आमंत्रण पत्र

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** क्षेत्रीय विधायक लीना जैन ने ग्रामीण अंचलों में 19 सितंबर को मुख्यमंत्री जन आशीर्वाद यात्रा में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रण पत्र बांटे। विधायक लीना जैन ने ग्राम सनाई, भिदवासन, दुसेरी, मासेर, गुलाबरी, सौसेरा, करारी, सतपाड़ा , पिपरिया जमींदार ,ग्रामों में पहुंचकर ग्राम वासियों को गंजबासौदा पधारने कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आमंत्रण दिया।

# सीईओ पर कार्रवाई न होने पर चुनाव बहिष्कार और सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी

▸ सरपंच, सचिव, रोजगार सहायकों ने फिर खोला मोर्चा, सोमवार को करेंगे चक्काजाम



**गैरतगंज, देशबन्धु।** जनपद पंचायत में सीईओ के खिलाफ चल रहा विवाद दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। शनिवार को एक बार फिर सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक संगठनों ने सीईओ पर कार्रवाई न होने के विरोध में सामूहिक रूप से आगामी विधानसभा चुनाव बहिष्कार एवं सामूहिक इस्तीफ़ा का निर्णय लिया। वहीं सोमवार को भोपाल सागर मार्ग पर चक्काजाम करने की चेतावनी दी। जनपद पंचायत गैरतगंज में बीते 2 माह पूर्व पदस्थ हुई सीईओ युक्ति शर्मा पर सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायकों ने रिश्वतखोरी, अभद्रता, मनमानी पूर्वक आदेश जारी कर विकास कार्यो में बाधक बनना जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। वहीं तीनो संगठनों की जनपद कार्यालय में चल रही बैठक के दौरान सीईओ की अभद्रता से नाराज होकर सीईओ के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोल दिया है। संगठनों ने पंचायतों में तालाबंदी एवं कलमबंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल जनपद प्रांगण में शुरू कर दी। तथा सीईओ को तत्काल हटाने पर अड़ गए। हड़ताल के 5 दिन गुजर जाने के बाद प्रदेश शासन के स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी पहुंचने तथा जल्द ही समुचित कार्रवाई के आश्वासन के बाद संगठनों ने हड़ताल को स्थगित कर दी। उक्त मामले में शासन प्रशासन द्वारा तय समय सीमा में जब कोई कार्रवाई होते नहीं दिखी तो शनिवार को एक बार फिर तीनों संगठनों ने सामूहिक रूप स बिगुल फूंक दिया। शनिवार को पत्रकार वार्ता में पदाधिकारियों ने बताया कि उन्हें हर जगह से आश्वासन दिए गए पर कार्रवाई के नाम पर शून्य स्थिति रही। ऐसे में जनपद क्षेत्र के समस्त सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक अपने आप को ठगा महसूस कर रहे है। ऐसे में अब तीनो संगठन ने निर्णय लिया कि यदि सीईओ पर जल्द कार्रवाई नही होती है तो आगामी विधानसभा चुनाव का वे पूर्ण रुप से बहिष्कार करेंगे। तथा सामूहिक इस्तीफा देंगे। यही नही 18 सितंबर सोमवार को भोपाल सागर मुख्य सड़क मार्ग पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। तीनो संगठनों के इस विरोध प्रदर्शन में प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों के शामिल होने की जानकारी भी उन्होंने दी है। उन्होंने इसकी सूचना कलेक्टर, एसडीएम, थाना प्रभारी को लिखित रूप से दी है।

**आयुक्त के आदेश की अवहेलना करने का आरोप:** शनिवार को पत्रकार वार्ता के दौरान सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक संगठनों के पदाधिकारियों ने सीईओ युक्ति शर्मा पर मनरेगा आयुक्त के एक आदेश की अवेहलना करने का आरोप लगाते हुए बताया कि मनरेगा आयुक्त ने 26 जून 2023 को एक आदेश जारी किया था कि पंचायतों में लंबित 2022-23 या इसके पूर्व के भुगतानों को प्राथमिकता से भुगतान किया जावे। पूर्व वर्षो के भुगतान योग्य राशि का पूर्ण भुगतान होने के उपरांत ही वर्ष 2023-24 के भुगतान किए जावे।

**प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई:** प्रदर्शन में शामिल पंचायत कर्मियों पर सीईओ युक्ति मिश्रा द्वारा कार्रवाई का चाबुक चलाना शुरू कर दिया है। इस प्रदर्शन में शामिल सचिव संघ के जिलाध्यक्ष करन सिंह को मदनपुर ग्राम पंचायत से हटाकर जिला कार्यालय अटैच करने के आदेश जारी किए गए। यही नही कुछ सचिवों एवं रोजगार सहायकों को विभिन्न माध्यमों से सीईओ द्वारा धमकाने का आरोप भी संगठन के पदाधिकारियों ने लगाए है। शनिवार को प्रदर्शन में सरपंच संघ अध्यक्ष राज बाई जगदीश धाकड़, जिला सचिव संघ अध्यक्ष करन सिंह, किरोंदा सरपंच इंदल सिंह मीना, अंधियारी सरपंच कामता प्रसाद गुर्जर, अगरिया कलां से हाकम सिंह, जुझारपुर सरपंच प्रतिनिधि राहुल नरवरिया, सांकल से वंदना रवि पटेल, रजपुरा से सरपंच नीलेश राय, मदनपुर सरपंच सुरेश, टेहरी सरपंच प्रभा बाई लोधी, सचिवों में अंसार कुरेशी, वकील सिंह, गौरीशंकर श्रीवास्तव, सीताराम गौर, सुरेश धाकड़, रामकुमार तिवारी, रोजगार सहायकों में भैरो सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

बारिश को देखते हुए भाजपा नेताओं ने आमसभा स्थल का किया मुआयना

# कल आएगी जनआशीर्वाद यात्रा, तैयारियों को लेकर हुई बैठक



**सिरोंज, देशबन्धु।** प्रदेश संगठन द्वारा प्रदेशभर में निकाली जा रही जनआशीर्वाद यात्रा सोमवार को सिरोंज पहुंचेगी। इस जनआशीर्वाद यात्रा की आमसभा को संबोधित करने असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा शर्मा हेलीकॉप्टर से यहां पहुंचकर बस स्टैंड के समीप सुहाग गार्डन में आयोजित आमसभा को संबोधित करेंगे।

सड़क मार्ग से जनआशीर्वाद यात्रा लेकर पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया लटेरी से सिरोंज पहुंचेंगे। इसके उपरांत यह जन आशीर्वाद यात्रा सुबह दस बजे पुराने बस स्टैंड से डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर शुरू होगी। जो बसस्टैंड से होती हुई पालीवाल कॉलोनी स्थित सुहाग गार्डन में पहुंचकर आमसभा के रूप में परिवर्तित होगी। सभा के उपरांत भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया एवं स्थानीय विधायक उमाकांत शर्मा के नेतृत्व में रोड शो होगा। यह यात्रा बस स्टैंड, थाना,मंशापूर्ण कॉलोनी,तहसील रोड, जटाशंकर से होते हुए शमशाबाद की ओर प्रस्थान करेगी। यात्रा के मार्ग में विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में भी भव्य स्वागत की तैयारियां संगठन द्वारा की जा रही है। जन-आशीर्वाद यात्रा की व्यापक तैयारीयों संदर्भ में शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने सिरोंज-लटेरी विधानसभा क्षेत्र के पांचों मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक लटेरी रोड स्थित संस्कार गार्डन में आयोजित की। बैठक में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने विस्तार से चर्चा कर रूपरेखा तैयारी की गई। स्थानीय संगठन ने बारिश के मौसम को देखते हुए सुरक्षा कारणों से पूर्व में आमसभा के लिए तय बसस्टैंड के स्थान पर सुहाग गार्डन परिसर में आयोजन करने का निर्णय लिया है। बैठक में विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि सिरोंज-लटेरी क्षेत्र में प्रदेश स्तरीय जन-आशीर्वाद यात्रा भव्यता के साथ अच्छी तरह से निकले इस हेतु सभी मंडल कार्यकर्ताओं को अपने-अपने दायित्वों को निर्वहन अच्छी तरह से करना है साथ ही पूरे समय अपने निजी वाहनों से यात्रा में सम्मिलित रहना है। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मणसिंह बघेल, जितेन्द्र वघेल ने यात्रा के संबंध में भाजपा संगठन से प्राप्त पत्र का वाचन किया। बैठक में बड़ी संख्या में सिरोंज-लटेरी क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# देशी पिस्टल और कार के साथ आरोपी गिरफ्तार



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर यादव के मार्गदर्शन में अवैध हथियारों की धरपकड़ एवं विक्रय करने वालों के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत देहात पुलिस ने एक युवक को संदिग्ध हालत मेंअवैध देशी पिस्तौ के साथ गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया है। पुलिस द्वारा अवैध हथियारों के कारोबारियों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को कांबिंग गस्त कराई जा रही थी, सिरोंज चौराहा पर रात्रि में वाहन चैकिंग के दौरान एक संदिग्ध कार रोकना चाहा। पुलिस को देखकर चालक तेज रफ्तार से कार लेकर भागने लगा जिसे बमुश्किल घेरा बंदी कर पकड़ा। तलाशी ली जिसमें चालक के पैंट में एक देशी पिस्टल अवैध रुप से रखी हुई मिली। जिसके संबंध में लायसेसं मांगा तो कोई भी अधिकार पत्र या लाइसेंस नहीं होना बताया। नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम तेजराज सिंह उम्र 27 साल निवासी ग्राम फूफेर थाना नटेरन का होना बताया। आरोपी के कब्जे से देशी पिस्टल कीमती 8 हजार एवं अल्टो कार एमपी 36 सी 3163 कीमत करीब 2 लाख रुपये जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक पूछताछ पर आरोपी द्वारा उक्त अवैध पिस्टल करीब एक वर्ष पूर्व भोपाल में किसी अज्ञात व्यक्ति से 8 हजार रुपए में खरीदना बताया है। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी हरकिशन लोहिया सहायक उप निरीक्षक केसरी प्रसाद शर्मा प्रधान आरक्षक वीरेंद्र लोधी अजय सिंह रघुवंशी विपिन जादौन आरक्षक भूपेंद्र सचिन जाट धर्मेंद्र प्रयागराज गुर्जर शुभम अमनदीप जाट, सौरव,दिलीप, ऋषभ आदि की भूमिका सराहनीय रही।

# ऑपरेशन के बाद आंखों की जांच के लिए लगाया शिविर



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वाधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ द्वारा हितकारिणी धर्मशाला में आज 16 सितंबर 2023 दिन शनिवार को नेत्र रोगियों के लिए द्वितीय फालोअप शिविर आयोजित किया गया। जिसमें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय से आये डॉक्टर कृष्णकांत श्रीवास्तव , डॉक्टर राम लखन पाठक एवं सहयोगी राजेंद्र भाई ने 33 नेत्र रोगियों में से 25 नेत्र रोगियों की जांच कर निशुल्क दवाइयां एवं पास की नजर के 25 निशुल्क चश्मे भी दिये एवं 15 नये नेत्र रोगियों ने भी अपनी आंखों की जांच कराई ,उनकी आंखों में भी मोतियाबिंद पाया गया डॉक्टरों की जांच उपरांत उनको अगले कैंप में आने के लिए परामर्श दिया। इस मौके पर नेत्र शिविर नागरिक समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह , सचिव सुरेश कुमार तनवानी, महेंद्र सिंह ठाकुर फौजी, राम गोपाल गुप्ता ,प्रकाश माहेश्वरी,रामबाबू दुबे सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# जनसहयोग से बदल रहा मुक्तिधाम का स्वरूप, किया पौधारोपण



**सिरोंज, देशबन्धु।** मोक्षधाम सेवा समिति द्वारा लटेरी रोड स्थित मुक्तिधाम परिसर में शनिवार को पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर आयोजित इस बहुउद्देश्यीय पर्यावरण के संरक्षण और मुक्तिधाम परिसर के सौंदर्यीकरण को लेकर आयोजित कार्यक्रम में विधायक उमाकांत शर्मा ने भी सहभागिता कर पीपल के पौधे का रोपण किया। समिति की सूचना पर मुक्तिधाम परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम में एक वृक्ष पूर्वजों के नाम से आयोजन में सहभागिता करने पहुँचे विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि आज विश्व ओजोन दिवस भी है समिति ने आज इस अवसर पर पर्यावरण की दृष्टि से बहुउपयोगी कार्यक्रम आयोजित किया है । उन्होंने समिति की मांग पर नगरपालिका अध्यक्ष को परिसर की बाउंड्रीवॉल बनाने के भी निर्देश दिए। विधायक शर्मा की प्रेरणा से प्रारम्भ हुए मुक्तिधाम परिसर के सौंदर्यकरण एवं निर्माण कार्य के गतिविधि एवं समिति द्वारा जनसहयोग से किए गए निर्माण कार्यो के प्रगति पत्रक की जानकारी समिति के सदस्य सचिन शर्मा ने नागरिकों को दी। इस मौके पर विधायक शर्मा ने अपनी ओर से पूर्व में एक लाख रुपये सहयोग की घोषणा की थी जिसमें से उन्होने पचास हजार रुपये भी समिति के सदस्यों को प्रदान किए। उन्होंने नगर के समाजसेवी कन्हैयालाल गर्ग की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा निर्माण कराए गए प्रवेश द्वार का भी अनावरण करते हुए अन्यों द्वारा भी जनहित में करवाए गए कार्यो की प्रशंसा की। इस दौरान उपस्थित नागरिकों एवं समिति के सदस्यों ने सहभागी होकर पीपल,आंवला, कदम,नीम, बरगद सहित फूलदार पौधे लगा और श्रमदान अभियान चलाकर परिसर की स्वच्छता की। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी अरविंद जैन,महेश गर्ग, कृष्णगोपाल गर्ग,डॉ पीसी जैन,रमेश यादव,नपाध्यक्ष मनमोहन साहू,रामप्रकाश साहू,राजेन्द्र गोयल,लक्ष्मण कटियार,अनिल राठौर, शिवकुमार मिश्रा, शेरसिंह भदौरिया सहित नगर की अनेक समितियों के सदस्य,गणमान्य नागरिक एवं समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# शास्त्री महाविद्यालय में युवा उत्सव: वाद विवाद सहित हुई कई प्रतियोगिताएं



**सिरोंज, देशबन्धु।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा उत्सव के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। युवा उत्सव प्रभारी प्रोफेसर रजनी चौहान ने बताया कि शनिवार को महाविद्यालय में वाद विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण, क्ले मॉडलिंग एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्राआंचल राजपूत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं द्वितीय स्थान बीसीए तृतीय वर्ष के छात्र प्रदीप अहिरवार तथा तृतीय स्थान पीजीडीसीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र अमित कुशवाहा ने प्राप्त किया। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शीतल नगीना, द्वितीय स्थान संजना कुशवाहा तथा तृतीय स्थान उमा पाल क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गरिमा ठाकुर द्वितीय स्थान किरण कोहली रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आशी नेमा एवं द्वितीय स्थान कामना कुशवाहा ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर संघ प्रिय गौतम ने किया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ एवं बहु संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव ने समस्त छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। प्राचार्य डॉक्टर लालचंद राजपूत ने कहा कि युवा उत्सव से छात्र छात्राओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्राप्त होता है।

# घर वालों से 2 लाख ऐंठने युवक ने रची अपहरण की साजिश

▸ पुलिस ने आदर्श ढाबा से युवक को साथियों सहित पकड़ा

**मुरैना, देशबन्धु।** कोतवाली थाना अंतर्गत न्यायालय में पेशी के लिए आया युवक अचानक लापता हो गया और घर पर व्हाट्सएप मैसेज आया कि उसका अपहरण कर लिया गया है। 2 लाख रुपए की फिरौती मिलने पर ही उसे छोड़ा जाएगा। युवक की बहन कोतवाली पहुंची और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने चार घंटे की मशक्कत के बाद युवक को धौलपुर रोड स्थित एक ढाबा से बरामद कर लिया, जहां वह अपने दो साथियों के साथ खाना खा रहा था।

फरियादी मिथलेश पत्नी रामनिवास शर्मा निवासी मुरैना गाँव एम.एस. रोड ने आकर सूचना दी कि उनका भाई शिवशंकर शर्मा शुक्रवार की दोपहर को धारा 307 की पेशी हेतु अपने घर मुरैना गांव से कार से न्यायालय मुरैना आया था। दोपहर एक बजे पेशी करके या उसके बाद मोबाईल पर चर्चा हुई थी, किन्तु उसके बाद वापस घर लौटकर नहीं आया है और मोबाईल भी स्विच ऑफ हो गया था।

अभी उसके मोबाईल नम्बर के व्हाट्सअप पर मैसेज आया है कि लडका वापस चाहिये तो इसी नम्बर पर 2 लाख रुपये ट्रांसफर करवा दो, पैसे देने के बाद ही लडक़ा मिलेगा, किसी भी रिश्तेदार अथवा पुलिस को खबर की, फिर इस लडके की आस भूल जाना। पुलिस अधीक्षक ने घटनाक्रम से अवगत होने के बाद थाना प्रभारी को कार्रवाई के निर्देश दिए जिस पर से पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज चैक कर सायबर सैल की मदद ली तथा रात्रि मे ही आदर्श ढाबा सिकरोदा गांव हाईवे के पास दबिश दी गई, तो गुमशुदा शिवकुमार शर्मा, उसका साथी छोटू एवं अभिषेक उसी ढाबे के कमरे में बैठकर खाना खा रहे थे। रात्रि में ही पुलिस ने शिवकुमार व उसके साथी को बरामद कर लिया। मात्र 4 घन्टे में कोतवाली पुलिस ने अपहरण की गुत्थी सुलझा ली। पूछताछ पर पुलिस को पता चला कि गुमशुदा शिवा उर्फ शिवकुमार शर्मा ने स्वयं ही धन्धा करने की नियत से अपने ही अपहरण की कहानी बनाकर दो लाख रुपये की फिरौती अपने घरवालों से मांगी। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सुनील खेमरिया, उनि विवेक राय, प्रआर भूपेन्द्र सिह, अनिल दौहरे आर. रविन्द्र सिह, शिवप्रताप सिंह एवं सायबर सेल से उनि अभिषेक जादौन प्रभारी सायबर सेल, राहुल कुशवाह, सुदेश कुमार का सराहनीय योगदान रहा हैं।

### स्विफ्ट कार से अवैध शराब बरामद, 2 आरोपी गिरफ्तार

**मुरैना, देशबन्धु** सिविल लाइन थाना पुलिस ने शनिवार की सुबह ग्वालियर की ओर से आ रही स्विफ्ट कार से 21 पेटी अवैध शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण एवं परिवहन पर रोक लगाने हेतु चलाई जा रही मुहिम के तहत सिविल लाइन थाना प्रभारी वीरेश सिंह कुशवाह मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार क्रं. यूपी 80-एफ बाय-6320 में दो लोग अवैध शराब भरकर ग्वालियर तरफ से मुरैना आ रहे है। उक्त सूचना पर थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा तत्परता से एबी रोड छोंदा पुल पर चेकिंग आरंभ कर दी और तभी उक्त स्विफ्ट कार को रोककर तलाशी ली तो कार की पिछली डिग्गी में 21 कार्टून में देशी प्लेन शराब कीमती 52,000 रूपये मिली। पुलिस ने कार से दो शराब तस्करों कपिल तोमर निवासी आमपुरा मुरैना एवं शैलेंद्र उर्फ शैलू गुर्जर निवासी हनुमान मंदिर के पास शिव नगर मुरैना को गिरफ्तार किया है तथा उनके विरुद्ध आबकारी एक्ट का मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। उउक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक वीरेश सिंह कुशवाह, सउनि लक्ष्मण सिंह गौड, प्र.आर. सुनील चौधरी, कुलदीप दोहरे, आर. जितेन्द्र सिंह तोमर, संजय गुर्जर, मुनेन्द्र सिंह चौहान की विशेष भूमिका रही।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### नाले में बहे हम्माल का शव दूसरे दिन बिरुल रोड पुलिया के पास मिला

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर में बीते शुक्रवार की सुबह तेज बारिश के चलते पारेगाव रोड स्थित पुलिया पर से उफनते नाले में सुभाष वार्ड निवासी हम्माल जीवन पवार बह गया था। जीवन के परिजन सहित पुलिस द्वारा जीवन की नाले एवं बांध में खोजबीन की जा रही थी। खोजबीन के दौरान जीवन का शव दूसरे दिन शनिवार को बिरुल बाजार रोड स्थित ताप्ती की पुलिया में मिला है। पुलिस द्वारा जनसहयोग से शव बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। जहा डॉक्टर हिमांशु धोटे द्वारा शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौप दिया। सुभाष वार्ड पारेगांव रोड पर शुक्रवार भारी बारिश के तेज बहाव में जीवन के बहने के बाद शनिवार वार्डवासियों ने पुलिया पर सुरक्षा इंतजाम किए जाने की मांग की ताकि आने वाले समय में ऐसी कोई अप्रिय घटना दोबारा ना घट सके। साथ ही नाले पर किए गए अतिक्रमण को भी हटाने की मांग की गई।

### कामथ में बच्चों ने मनाया नांदिया पोला, फोड़ी मटकी, हिवरखेड़ में बाटे उपहार

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के समीप स्थित ग्राम कामथ मे प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी छोटे बच्चों का नादिया पोला और मटकी फोड आयोजित की गई। जिसमें मटकी फोड प्रतियोगिता में 5 बार में बच्चों ने मटकी फोडी। बच्चो द्वारा पोला नादीया के अवसर पर अपने अपने छोटे छोटे मिट्टी और लड़की के नांदियां सजाकर लाये। कार्यक्रम का आयोजन सन्तोष डोगरदिये द्वारा राजाभोज नगरी, शिव मंदिर कामथ में किया गया। जिसमे बच्चो को ईनाम बाटे गए एवं प्रसादी वितरण किया गया इसे देखने के लिए भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। त्रिमूर्ति कामथ ग्रुप के सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

### गौरान्वित हुआ हरदा



**हरदा, देशबन्धु।** जी 20 की अभूतपूर्व सफलता से हरदा भी गौरान्वित हुआ है। गौरतलब है कि हरदा नगर के शिक्षक स्व. बृजमोहन उपाध्याय के पौत्र तथा भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी नमन उपाध्याय इस ड्राफ्ट को तैयार करने वाले दल के महत्वपूर्ण सदस्य थे। उन्होंने अपने साथियों के साथ रात दिन परिश्रम कर इस ड्राफ्ट को तैयार करने में योगदान दिया। उल्लेखनीय है कि हरदा निवासी नमन उपाध्याय भारतीय विदेश सेवा के 2016 के अधिकारी हैं। नमन के पिता नर्मदा प्रसाद उपाध्याय भारतीय कला एवं चित्रांकन परंपराओं के जानेमाने विद्वान और निबंधकार है।

### कांग्रेस की बैठक आज

**हरदा, देशबन्धु।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन एवं जिला प्रभारी अवधेश सिंह सिसोदिया की उपस्थिति मे मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित जन आक्रोश यात्रा के संबंध मे जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पुरोहित होटल मे आज शनिवार को दोपहर 4:30 बजे बैठक का आयोजन होगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओम पटेल ने सभी ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, किसान कांग्रेस एनएसयूआई के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि, आनुषंगिक संगठन, मोर्चा संगठन, विभाग प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### हिन्दी पखवाड़ा मनाया

**बैतूल, देशबन्धु।** हिंदी पखवाड़ा 14 से लेकर 28 सितंबर तक नेहरू युवा केंद्र बैतूल द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी तारतम्य में शनिवा विवेकानंद महाविद्यालय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ.कृष्णा खासदेव, डॉ.एसआर गायकवाड ,डॉ.नीलिमा उपाध्याय के आतिथ्य में और धनंजय सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में हुआ।

उफनती नदी में गिरा ऑटो, चालक सहित 4 की मौत, 2 के शव मिले

# रिकॉर्ड तोड़ बारिश: भीमपुर ब्लॉक में 17 और भैसदेही में 14 इंच बरसा पानी

**बैतूल, देशबन्धु।** जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान हुई बारिश ने सारे रिकॉर्ड तोड़े दिए। उफनती नदी में एक ऑटो बह जाने से उसमें बैठे 4 लोगों की मौत हो गई। बारिश अधिक होने से जिले के लगभग सभी छोटे-बड़े बाधों से पानी लगातार छोड़ा जा रहा है।

बारिश का सबसे ज्यादा कहर भीमपुर और भैंसदेही ब्लॉक में देखने को मिला जहां शुक्रवार रात से शुरू हुई बारिश शनिवार सुबह तक लगातार एक ही रफ्तार में होती रही। शनिवार सुबह भू अभिलेख कार्यालय ने पिछले 24 घंटे के चौकाने वाले आंकड़े जारी किए। भीमपुर में कुल 17 इंच बारिश सिर्फ 24 घंटे के भीतर होना दर्ज किया गया। दूसरे नम्बर पर भैंसदेही ब्लॉक रहा जहां 14 इंच बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा चिचोली में 10, शाहपुर और मुलताई में 8, बैतूल में 7, आमला में 6, आठनेर और पट्टन में 5,सबसे कम घोड़ाडोंगरी में 4 इंच बारिश दर्ज की गई। भारी बारिश का कहर फसलों पर बरपने की वजह से किसानों को नुकसान उठाना पड़ा। भीमपुर, भैसदेही के अलावा बैतूल, चिचोली, शाहपुर, मुलताई में किसानों के खेतों में लगी मक्का की फसल जमीन पर लेट गयी।



सबसे ज्यादा नुकसान शुक्रवार, शनिवार रात चली तेज हवा और आंधी से हुआ है। किसानों का कहना है कि, मक्का के पेड़ जमीन में लेटने की वजह से इसमें लगे भुट्टे भी जमीन में धंस चुके हैं और अब यह फसल कोई काम की नहीं रह गयी है।

**ऑटो और उसमें सवार 2 के शव मिले:** शुक्रवार शाम बोरदेही थाना क्षेत्र में उफनती नदी में गिरे सवारी ऑटो और उसमें बैठे 4 लोग बह गए। सूचना पर पुलिस तत्काल सक्रिय हुई, और देर रात तक रैस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। पुलिस और एसडीआरएफ की मेहनत तब सफल हो गयी जब शनिवार दोपहर 2 बजे तक पुलिस ने ऑटो सहित दो शवों को खोज निकाला। बोरदेही थाना प्रभारी सरविन्द धुर्वे ने बताया कि रात के वक्त रेस्क्यू ऑपरेशन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। शनिवार सुबह फिर से ऑपरेशन शुरू किया गया। सबसे पहले घटना स्थल से लगभग 1 किलोमीटर दूर पानी में फांसे ऑटो को निकाला गया था। गोताखोरों और तैराकों की मदद से लगातार खोजबीन चल ही रही थी कि, घटना स्थल से पांच किलोमीटर दूर एक शव बरामद कर लिया गया जिसकी पहचान इमरत पन्द्राम के रूप में हुई है। लगभग 1 बजे दूसरा शव भी बरामद किया गया जिसकी पहचान रामसिंह विश्वकर्मा के रूप में कई गयी। ऑटो में सवार मृतक अमर सिंह सहित एक अन्य की तलाश एस डी आर एफ की मदद से की जा रही है। शाम तक रेस्क्यू लगातार जारी था पर अन्य दो शवों का पता नहीं लग पाया।

**पारसढोह जलाशय के 3 गेट खोले:** आठनेर क्षेत्र के ग्राम पचधार पारसढोह जलाशय के 3 गेट डेढ़ मीटर तक खोले गए हैं। जलसंसाधन विभाग के इंजीनियर शिवकुमार नागले ने शनिवार को बताया कि लगातार बारिश से जलाशय में पानी ख़तरे के निशान से ऊपर था। जलाशय मेंटेनेंस करने जलाशय के 3 गेट खोलकर पानी बहाया जा रहा है। इधर शुक्रवार सुबह से हुई जोरदार बारिश से ताप्ती नदी उफान पर है। शनिवार को कक्षा 1 से 8 वी तक शासकीय अशासकीय विद्यालयों में छुट्टी घोषित की गई थी।

**कई जगह गिरे कच्चे मकान:** आठनेर के नगर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 13 में स्थित साहेबराव आवठे का कच्चे कवेलू का मकान बारिश की भेट चढ़ गया। जबकि आठनेर थाना क्षेत्र के ग्राम बाकुड मेढा छिंदवाड़ में भी गरीबों के आशियाने भर-भरा कर गिर गये। सभी मकान मिट्टी के थे। हालांकि किसी भी जगह से जान-माल की सूचना नहीं है।

## चंदोरा बांध के खुले 8 गेट, लबालब हुई क्षेत्र की 79 सिंचाई परियोजनाएं



**मुलताई, देशबन्धु।** क्षेत्र में बीते 24 घंटे से हो रही निरंतर बारिश के चलते मुलताई क्षेत्र की चार बड़ी सिंचाई परियोजना बड़े बांध लबालब हो गए हैं और जलआवक को देखते हुए चंदोरा बांध के 8 गेट 30 से.मी. खोले गए हैं। शनिवार फिर पारसढ़ोह बांध के तीन गेट खुले और बुंडाला बांध फुल टैंक होकर वेस्ट वियर बह रहा है।

वर्धा बांध भी गेट लेवल से ऊपर बह रहा है। मुलताई सिंचाई अनुभाग के चार सब डिविजन मुलताई, आठनेर, आमला, पट्टन की सभी 79 लघु सिंचाई परियोजना (छोटे बांध) इक्का-दुक्का छोड़कर के सभी फुल टैंक होकर वेस्ट वियर बहने लगे हैं। घाट पिपरिया का कैचमेंट एरिया कम होने के कारण यह अभी पूरी तरह नहीं भरा है। क्षेत्र की चार बड़ी सिंचाई परियोजनाओं में से एक बुढ़ाला बांध अपनी क्षमता पार कर बांध का वेस्ट वियर 80 सेंटीमीटर प्रति सेकंड की रफ्तार से बह रहा है। जल संसाधन एसडीओ सीएल मरकाम ने जानकारी देते हुए बताया कि बुढ़ाला बांध का फुल टैंक लेवल 734 .55 मीटर है जबकि वर्तमान लेवल सेवन 734.85 पर पहुंच गया है जिससे लगातार वेस्ट वियर 80 से.मी बह रहा है। क्षेत्र की 79 लघु सिंचाई परियोजनाओं में से 79 छोटे बांध पूरी तरीके से 100 प्रतिशत भर गए हैं जिनके वेस्ट वियर बहना प्रारंभ हो गए हैं। क्षेत्र की लघु सिंचाई परियोजना छोटे बांध जिनमें बघौली, बाड़ेगांव, चीचंडा, चिखली, छिंदी, चौथिया, डहुआ, डोब, दुनावा, हिवरा, हुमनपेट जम्बाडी, झिरीखाफा, कपासिया, करपा, खड़आमला, खैरवानी , खल्ला, महिलावाडी, माइकासर्रा, माथनी, पाराखाती, पीपरीया, सिपावा, सोडिया, सेंद्रिया आदि शामिल है।

## बारिश और तेज हवा में मक्के की फसल की चौपट

**सारनी, देशबन्धु।** बीती रात को मूसलाधार बारिश और तेज हवा की वजह से घोड़ाडोगरी ब्लॉक के रानीपुर के अंतर्गत आने वाले मायावनी,छुरी, जांगड़ा,कोयलारी,कुही, रानीपुर गांव की मक्के की फसल बर्बाद हो गई है। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि राजस्व विभाग के माध्यम से बीती रात को तेज हवा और मूसलाधार बारिश की वजह से जो मक्के और धान की



फसल को नुकसान हुआ है उसका सर्वे कराकर किसानों को उसका मुआवजा दिया जाना चाहिए।किसान पिछले दिनों बारिश के लिए परेशान था और मक्के एवं धान की फसल सूखने की कगार पर पहुंच गई थी अब इन दोनों ही फसल को बीती रात मूसलाधार बारिश और तेज हवा में नुकसान पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है।हीरावाडी गांव के किसान नकुल चौरे ने बताया कि तेज हवा और मूसलाधार बारिश की वजह से मक्के और धान की फसल को नुकसान पहुंचा है।

## 5 दुकान और 10 मकान गिरे, लाखों का हुआ नुकसान

**सारनी, देशबन्धु।** गुरुवार रात से लगातार हो रही बारिश का कहर कुछ इस तरह रहा कि महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 19 में 10 मकान गिर गए जिससे लाखों का नुकसान लोगों को होना बताया जा रहा है।महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 19 के पार्षद जफर अंसारी ने बताया कि गुरुवार रात और शुक्रवार सुबह की जो बारिश हुई थी वह बहुत तेज थी जिसकी वजह से नाला नदी की तरह उफान पर था और इस नाले के पानी की वजह से 10 मकान गिर गए जिसमें पांच दुकान और पांच मकान सामील है। सबसे ज्यादा नुकसान मोहम्मद चांद को हुआ है इनका मकान गिर जाने



की वजह से लगभग एक लाख 50 हजार से लेकर दो लाख रुपये का नुकसान होना आंका जा रहा है।उन्होंने बताया कि बाबूलाल,सिराज अंसारी,हकीम अंसारी, सोना चिकन सेंटर, एजाज चिकन सेंटर की दीवारें गिर जाने के कारण इन्हें आंशिक नुकसान होना आका गया है।

**सतपुड़ा जलाशय के खुले रहे 5 गेट:** गुरुवार रात से लगातार हो रहे बारिश की वजह से गुरुवार शुक्रवार को 24 घंटे में 206 एमएम बारिश दर्ज हुई है इस तरह कुल मिलाकर 16 जून से लेकर समाचार लिखे जाने तक 1186 एमएम बारिश क्षेत्र में हो चुकी है। शनिवार को भी सुबह से लेकर दोपहर तक एक गेट एक फिट खुला रखा गया था दोपहर के बाद सतपुड़ा जलाशय के तीन गेट एक-एक फीट पर खोले गए थे।

## नगर परिषद अध्यक्ष ने तीर्थ यात्रियों को रामेश्वरम के लिए किया रवाना



**चिचोली, देशबन्धु।** शनिवार को नगर परिषद क्षेत्र से चयनित 20 तीर्थ यात्रीयों में से 17 यात्रियों का जथ्था रामेश्वरम तीर्थ दर्शन यात्रा के लिए रवाना किया गया। नगर परिषद कार्यालय में नगर परिषद अध्यक्ष वर्षा रितेश मालवीय द्वारा सभी तीर्थ यात्रियों को तिलक एवं पुष्प वर्षा कर रवाना किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता अनिलसिह कुशवाह, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुलोचना संतोष मालवीय, भाजपा युवा नेता रितेश मालवीय पार्षद मोटू यादव ने सभी तीर्थ यात्रियों को प्रदेश सरकार द्वारा बुजुर्गों के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा की विस्तार से जानकारी दी। स्वागत कार्यक्रम के अन्त में नगर परिषद सीएमओ सैयद आरिफ हुसैन ने सभी का आभार व्यक्त कर सभी तीर्थ यात्रियों को बस से बैतूल के लिए रवाना किया।

### रवाना हुए 6 श्रद्धालु, नपाध्यक्ष ने किया सम्मानति

**सारनी, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा के तहत रामेश्वरम यात्रा के लिए शनिवार को 6 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षद एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के.मेश्राम की मौजूदगी में श्रद्धालुओं को सम्मानित कर बैतूल रेलवे स्टेशन तक पहुंचाया गया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि रंजीत सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम,भाजपा के जिला महामंत्री कमलेश सिंह, सुधा चंद्रा,प्रकाश, शिवहरे,गोलू राजपूत,अजय साकरे,विनय मदने,सहायक लेखाधिकारी ब्रजेश नागर,उपयंत्री कमलेश पटेल,रामराज यादव, सुखदेव बोरहपी,लक्ष्मण पंडाग्रे,मुरारी यादव आदि मौजूद रहे।

## न्यायाधीश के बंगले से लोहे के गेट, जनपद कार्यालय से कंप्यूटर चुराने वाले पकड़ाए

**मुलताई, देशबन्धु।** बीते दिनों न्यायाधीश के बंगले से लोहे के गेट और जनपद पंचायत कार्यालय से कंप्यूटर सिस्टम चुराने वाले चोर पुलिस की गिरफ्त में आ गए। गौरतलब है कि बीते 8 मई को सिविल लाइन में स्थित न्यायाधीश के खाली पड़े बंगले की सुरक्षा दीवार में लगे दो लोहे के बड़े और दो छोटे गेट चोरी हो गए थे। वही बीते 15 जुलाई को जनपद पंचायत कार्यालय की छत के कवेलू हटाकर चोरों ने कार्यालय में रखें कंप्यूटर सिस्टम पर हाथ साफ कर दिया था। दोनों चोरियों की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस चोरों का पता लगाने में जुटी हुई थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि नगर के बस स्टेण्ड पर तीन संदिग्ध युवक चोरी का माल बेचने की फिराक मे घूम रहे है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध



युवक सलमान शाह पिता रसीद शाह 23 साल निवासी ताप्ती वार्ड मुलताई,राहुल पिता गुल्लू उइके 26 साल निवासी पटेल वार्ड मुलताई,दिलीप पिता नामदेव लाड 43 साल निवासी भगतसिंह वार्ड मुलताई को पकड़कर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान तीनों चोरों ने सिविल लाईन में स्थित खाली बंगलो से लोहे के दो बड़े गेट एवं दो छोटे गेट और जनपद पंचायत कार्यालय से कम्प्यूटर चोरी करना स्वीकार किया।पुलिस ने चोरों के पास से चोरी कर ले गए लोहे के दो बड़े गेट,दो छोटे गेट और एक कम्प्यूटर सिस्टम बरामद किया गया। तीनो आरोपीयों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। चोरों को पकड़ने में उपनिरीक्षकअमित पवार,बसंत आहके, सहायक उप निरीक्षक श्रीराम मांडवी, प्रधान आरक्षक नीलेश सोनी,आरक्षक अरविन्द,संजय बैन की भूमिका रही।

## पत्नी के हत्यारे पति को आजीवन कारावास

**भैंसदेही, देशबन्धु।** अपर सत्र न्यायालय भैसदेही ने पत्नी की निर्मम हत्या करने वाले हत्यारे पति आरोपी को आजीवन कारावास एवं 5000 रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया है। इस प्रकरण में अभियोजन का संचालन सहायक जिला अभियोजन अधिकारी भैसदेही मनवीर सिंह ठेनुआ द्वारा किया गया है।

मामले के अनुसार घटना स्थल आरोपी के घर ग्राम झुनकारी में मृतका के भाई रामू परतेती ने 13/12/17 को पुलिस को बताया कि मेरी मझली बहन रम्मोबाई की शादी 22 वर्ष पूर्व ग्राम झुनकारी के साहेबराव के साथ की थी। पिछले 5-6 साल से जीजा साहेबराव बहन रम्मो को आये दिन मारपीट करता था मैंने और परिवार वालों ने कई बार समझाया पर वह नहीं मानता था। मुझे 12/12/17 को रात करीब 10 बजे झुनकारी से जानकारी मिली कि जीजा साहेब राव आज फिर रम्मो के साथ मारपीट कर रहा है तो मैं तुरंत मोटरसाईकिल से ग्राम झुनकारी आया और ग्राम पटेल रामभाऊ धुर्वे को साथ लेकर रम्मो के घर पंहुचा तो देखा कि साहेबराव मारपीट कर रहा था और कह रहा था और हमें देखकर वहा से भाग गया। मैंने बहन रम्मो को देखा तो वह मर चुकी थी। मृतिका रम्मोबाई के भाई रामू परतेती की सूचना के आधार पर पुलिस ने मर्ग इंटीमेशन और अभियुक्त साहेबराव के विरुद्ध अपराध कायम कर मर्ग जाँच और विवेचना प्रारम्भ की और आवश्यक विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण का विचारण अपर सत्र न्यायालय भैसदेही, द्वारा किया गया और प्रकरण में म.प्र. राज्य की ओर से अभियोजन का संचालन करते हुए सहायक जिला अभियोजन अधिकारी, भैसदेह मनवीर सिंह ठेनुआ ने न्यायालय के समक्ष अभियोजन मामले को संदेह से परे प्रमाणित किया और अपने तर्क प्रस्तुत किये गए। अभियोजन के तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय ने साहेबराव उम्र 52 वर्ष, निवासी ग्राम झुनकार थाना आठनेर को धारा 302 भा.द.वि. में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 5000 रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया है।

## नागपुर रोड पर गिरा पेड़, स्टेशन रोड पर अज्ञात वाहन ने तोड़ी बाउंड्री वॉल

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के नागपुर रोड पर शुक्रवार रात भारी बारिश के चलते अचानक से एक पेड़ गिर गया। जिसके चलते पास से गुजरने वाले बिजली के तार टूट गए और पास ही स्थित एक घर की छत को भी हल्का नुकसान पहुंचा। गनीमत रही कि इस दौरान आसपास कोई मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। शनिवार सुबह बिजली विभाग के कर्मचारियों ने पेड़ को रास्ते से अलग कर बिजली के टूटे हुए तारों को जोड़ा और बिजली सप्लाई शुरू की। वहीं दूसरी तरफ एक अज्ञात वाहन ने बस स्टैंड से रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर स्थित रेलवे अधिकारी के निवास पर बनी बाउंड्री वॉल को क्षतिग्रस्त कर दिया।

*मुलताई को जिला बनाने सांसद नहीं दिखा रहे रुचि, न खुद आए, न भेजा समर्थन पत्र*

## भाजपा पार्षदों, सरपंचों सहित किसान संघ ने दिया समर्थन

**मुलताई, देशबन्धु।** मुलतापी को जिला बनाओ आंदोलन 1 सितंबर से शुरू होकर अब आमरण अनशन तक पहुंच चुका है। शुक्रवार से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवार से मोहन सिंह परिहार ने आमरण अनशन शुरू कर दिया है। शनिवार भाजपा पार्षद, 9 ग्राम पंचायत के सरपंच, भारतीय किसान संघ सहित परिवार परामर्श केंद्र के परामर्श दाताओं ने आंदोलन मंच पर पहुंचकर समर्थन किया। अभी तक सैकड़ो की संख्या में सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक संगठनों का समर्थन मिल चुका है।



मुलतापी को जिला बनाओ आंदोलन समिति के सौरभ जोशी ने बताया कि आंदोलन के दूसरे दिन 2 सितंबर को सांसद डीडी उईके से फोन पर मुलताई को जिला बनाए जाने के समर्थन में पत्र जारी करने और मंच पर आकर अपना समर्थन देने के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई थी। जिस पर उन्होंने जल्द से जल्द समर्थन पत्र जारी कर मुलताई आकर समर्थन करने की बात कही थी। आंदोलन के 16 दिन और आश्वासन के 14 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक ना तो सांसद डीडी उईके का कोई समर्थन पत्र प्राप्त हुआ और ना ही वे मुलताई पहुंचे। जिससे उनकी मंशा साफ नजर आती है कि वे मुलताई को जिला बनाने के प्रति उदासीन है और इस विषय में उनकी कोई रुचि नहीं हैं। जबकि पूर्व सांसद हेमंत खंडेलवाल के साथ पांढुर्णा को जिला बनाए जाने के संबंध में चल रहे हैं आंदोलन में समर्थन करते हुए हस्ताक्षर करके आए थे। मुलताई की जनता और जिला बनाओ आंदोलन के लोगो को सांसद डीडी उईके के समर्थन का इंतजार है। हालांकि संबंध में उनसे फोन पर संपर्क किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। मुलताई नपा में सांसद प्रतिनिधि विजय शुक्ला ने बताया कि फिलहाल वे संसद सत्र में शामिल होने के लिए दिल्ली गए हुए हैं। उनसे बात हो चुकी है वे भी चाहते हैं कि मुलताई जिला बने। जल्द ही अपने समर्थन पत्र के साथ मुलताई पहुंचकर जिला बनाने का समर्थन करेंगे।

**भाजपा पार्षदों ने दिया समर्थन, कहा नगर पालिका में रखेंगे प्रस्ताव:** मुलतापी जिला बनाओ आंदोलन के समर्थन में शनिवार भाजपा पार्षद वर्षा गढ़ेकर, डॉ जी ए बारस्कर, शिल्पा शर्मा, कुसुम पवार, अजय यादव, महेंद्र पिल्लु जैन ने मंच पर पहुंचकर अपना समर्थन जताया। वर्षा गढ़ेकर ने कहा कि वे सभी पार्षदों के साथ मिलकर नगर पालिका परिषद में मुलताई को जिला बनाने का प्रस्ताव रखेंगे।

**9 पंचायतों के प्रतिनिधियों ने कहा मुलतापी बने जिला:** शनिवार आंदोलन के मंच पर ग्राम पंचायत पिसाटा, साईखेड़ा, वलनी, टेमझिरा, मोहरखेड़ा, उभारिया, बोथिया, साबड़ी और बानूर के प्रतिनिधियों ने पहुंच कर मुलताई को जिला बनाए जाने के संबंध में अपना समर्थन दिया और कहा कि मुलताई को जिला बनाया जाना चाहिए। उनकी पंचायत और पंचायत के समस्त ग्रामवासी इस मांग का समर्थन करते हैं।

# भारी बारिश से नदी-नाले उफान पर, रास्ते रुके, बांध के गेट खुले



नर्मदापुरम/ इटारसी देशबन्धु। बीते चौबीस घंटे से भी अधिक समय से जारी बारिश से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कई नदी-नाले उफान पर रहे। नर्मदा नदी को प्रभावित करने वाले दो बड़े बांध बरगी और तवा बांध के गेट खुले हैं। निचली बस्तियों में पानी भर गया था, बिजली व्यवस्था ध्वस्त रही है, जिसे दुरुस्त करने बिजली विभाग के कर्मचारी जोखिम उठाकर काम कर रहे हैं। नर्मदापुरम-हरदा मार्ग बंद हो गया था, बैतूल रोड पर माचना नदी के पुल पर से भी पानी ऊपर से बह रहा है। देर रात इटारसी रेलवे स्टेशन से नयायार्ड मार्ग पर रेलवे पुलिया पर से पानी बहने से यह मार्ग कई घंटे बंद रहा है। कुछ लोगों ने जोखिम उठाकर पुल पार किया है। तवा बांध का जलस्तर 1166 से कम होने के बाद गेट की ऊंचाई घटा दी थी। आज सुबह 9 बजे 13 गेट की ऊंचाई 19 फिट कर दिया था, शाम को गेट की संख्या और ऊंचाई दोनों और कम कर दी। तवा बांध के खुले 13 गेट में से 8 बंद हो चुके हैं। अब केवल पांच गेट छह फिट तक खुले हैं। नर्मदापुरम में सेठानी घाट पर नर्मदा का जलस्तर भी घट गया है। शाम 6 बजे नर्मदा का जलस्तर 960 फिट था। कल 1166 फिट से अधिक पहुंचा तवा बांध का जलस्तर घटकर आज शाम 6 बजे 1165.20 फिट दर्ज किया है। पहाड़ों और बैतूल, पचमढ़ी में आज दिनभर हल्की वर्षा हुई और तवा बांध में पानी की आवक कम होने से बांध के गेट भी घटा दिये गये हैं। शाम 6 बजे बांध के 5 गेट छह फिट तक खुले थे, जिनसे 51840 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। दोपहर 3 से शाम 6 बजे के बीच तवा बांध के कैचमेंट एरिया में बारिश नहीं हुई है। तवा बांध से छोड़े जाने वाले पानी में कमी के बाद नर्मदापुरम में सेठानी घाट पर नर्मदा का जलस्तर भी घटने लगा है। शाम 6 बजे जलस्तर 960 फिट दर्ज किया गया जो कल 963 फिट से भी ऊपर चल रहा था।

### नदी-नाले उफान पर

बंगाल की खाड़ी में बने नए सिस्टम से जिला तरबतर हो गया। सीजन की पहली झड़ी से धुंआधार बारिश ने नदी नालों को उफान पर ला दिया। तवा जलाशय से छूटने वाले पानी से नर्मदा उफान पर है। वहीं बरगी बांध का पानी भी नर्मदापुरम में कुछ घंटों बाद पहुंचेगा जिसे देखते हुए जिला प्रशासन ने निचली बस्तियों को अलर्ट मोड पर रखा हैं। शनिवार को भी सुबह से रुक-रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। नर्मदापुरम में बीते 24 घंटों के दौरान 177.6 मिमी पानी और पचमढ़ी में 241.2 मिली पानी बरसा। पहाड़ी इलाकों और सारनी डेम से आने वाले पानी से तवा जलाशय से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। विदित हो कि जिले में गुरूवार रात से एक बार फिर मानसून मेहरबान हो गया है। जिसके चलते शुक्रवार को दिनभर झमाझम बारिश ने जिले को तरबतर किया। वहीं मौसम विभाग ने एक बार फिर जिले में भारी बारिश का अलर्ट दिया है। शनिवार को भारी बारिश एवं रविवार को मध्यम बारिश होने की संभावना जताई गई है। सुबह 9 बजे नर्मदा का जलस्तर 962.20 फीट दर्ज किया गया। जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी जारी है।

### जिले में कहां कितनी वर्षा

जिले में पिछले चौबीस घंटे में औसत वर्षा 131.7 मिमी दर्ज हुई है। इनमें नर्मदापुरम तहसील में 177.6 मिमी, सिवनी मालवा 189 मिमी, इटारसी में 90 मिमी, माखननगर 102, सोहागपुर 99.6, पिपरिया 115.6, बनखेड़ी 89.4, पचमढ़ी में 241.2 और डोलरिया में 80.5 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

### मप्र में टॉप 3 सबसे अधिक वर्षा वाले जिले नर्मदापुरम संभाग में

इटारसी देशबन्धु। पिछले चौबीस घंटे में मध्यप्रदेश में जिन जिलों में सबसे अधिक वर्षा हुई है, उनमें टॉप 3 नर्मदापुरम संभाग में स्थित हैं। चौथे नंबर पर इंदौर है। मध्यप्रदेश मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में सबसे अधिक 241.2 मिमीमीटर वर्षा पचमढ़ी में दर्ज की गई है। प्रदेश में दूसरे नंबर पर सबसे अधिक वर्षा वाला जिला बैतूल है, जहां 197.2 मिमी वर्षा हुई है तथा तीसरे नंबर पर नर्मदापुरम है जहां 177.6 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

### कलेक्टर ने की जिले में वर्षा की स्थिति एवं प्रभाव की समीक्षा

आगामी 24 घंटे में भारी वर्षा की चेतावनी के दृष्टिगत सभी अधिकारी कर्मचारी सतर्क रहें। निचले इलाकों का निरंतर निरीक्षण करते रहें। आवश्यकता पड़ने पर निचले इलाकों के रहवासियों को राहत केंद्रों में भी शिफ्ट किया जाए। राहत केंद्रो पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं रहे इसका विशेष ध्यान रखें। यह निर्देश कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ, सीएमओ एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। शनिवार को कलेक्टर ने कलेक्टरेट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिले में वर्षा की स्थिति एवं प्रभाव की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने बारिश के कारण हुए नुकसान और प्रभावित लोगों की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को निर्देश दिए कि अतिवर्षा से प्रभावित परिवारों का सर्वे कर उन्हें आरबीसी 6(4) के तहत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि पुल पुलियों की निरंतर निगरानी करें। पुल पुलियों के ऊपर से पानी बहने के दौरान आवागमन ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। वहां चेतावनी सूचक बोर्ड भी लगाएं। उन्होंने एसडीएम नर्मदापुरम को लेंडीया नॉले स्थित पंप हाउस का व्यवस्थित संचालन किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, संयुक्त कलेक्टर फरहीन खान, सिटी मजिस्ट्रेट संपदा सराफ, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद सिंह गुर्जर उपस्थित रहे। सभी एसडीएम ,तहसीलदार एवं अन्य संबंधित अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में शामिल हुए।

## सार समाचार

### झांसी में वॉशेबल एप्रॉन का कार्य के चलते छत्तीसगढ़ एवं गोंडवाना एक्सप्रेस निरस्त

इटारसी देशबन्धु। रेल प्रशासन द्वारा उत्तर मध्य रेलवे, झांसी मंडल के वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन पर वॉशेबल एप्रॉन का कार्य किये जाने के चलते भोपाल मंडल से होकर गुजरने वाली निम्नलिखित गाड़ियां निर्धारित तिथियों में अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेंगी। गाड़ी संख्या 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 16 सितंबर 2023 से 28 सितंबर 2023 तक तथा गाड़ी संख्या 18238 अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 18 से 30 सितंबर 2023 तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12410 हजरत निजामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस 16, 18, 19, 20, 21, 23, 25, 26, 27, 28 सितंबर 2023 को तथा गाड़ी संख्या 12409 रायगढ़-हजरत निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस 18, 20, 21, 22, 23, 25, 27, 28, 29, 30 सितंबर 2023 को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

### भगवान विश्वकर्मा जयंती पर आज निकाली जाएगी शोभायात्रा

इटारसी देशबन्धु। भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर कल 17 सितंबर को पुरानी इटारसी के आजाद चौराहा से भगवान विश्वकर्मा की एक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी जो नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई ऑडिटोरियम पर संपन्न होगी। समाज के उमाशंकर मालवीय ने बताया कि प्रात: 10 बजे भगवान विश्वकर्मा की पूजन आरती के बाद पुरानी इटारसी के आजाद चौराहे से शोभायात्रा निकलेगी। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में स्त्री, पुरुष, बुजुर्ग एवं बच्चे शामिल होंगे। विशाल रथ से साथ भारतीय तिरंगा भी समाज के युवाओं के द्वारा लहराया जाएगा। वहीं धर्म ध्वज और भगवान विश्वकर्मा के ध्वज के साथ रैली नगर के मुख्य मार्गों से निकलेगी। इस दौरान शनि मंदिर, हनुमान धाम एवं जयस्तंभ चौक पर शोभायात्रा का स्वागत किया जाएगा। शोभायात्रा संयोजक उमाशंकर मालवीय ने इटारसी सहित शहरी एवं ग्रामीण अंचलों के समस्त स्वजातीय से विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर आयोजित शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की।

### लाड़ली बहना को गैस कनेक्शन के लिए पंजीयन कराना होगा

इटारसी देशबन्धु। मध्यप्रदेश शासन खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्रालय एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय द्वारा ऐसी महिलाएं जो लाड़ली बहना योजना में पंजीकृत हैं, उनके नाम गैस कनेक्शन है तो उन्हें 450 रुपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। लेकिन, इसका लाभ लेने के लिए पंजीयन कराना अनिवार्य है। नगर पालिका परिषद द्वारा पंजीयन के लिए शिविर लगाये जा रहे हैं। 17 सितंबर को पांच स्थानों पर शिविर लगाये जाएंगे जिसमें वार्ड क्रमांक 2 में स्थित आंगनवाड़ी, मीठा कुआ पुरानी इटारसी स्थित आंगनवाड़ी, आरएमएस कालोनी में स्थित स्कूल में, नाला मोहल्ला आंगनवाड़ी और ऑडिटोरियम के सभाकक्ष में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक शिविर लगेंगे। सीएमओ श्रीमती रितु मेहरा ने कहा है कि पंजीकृत लाड़ली बहना गैस कनेक्शन के लिए पंजीयन कराने इनमें से समीपस्थ किसी भी शिविर में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकती हैं।

### कांग्रेस का कार्यकर्ता समागम आज सरला मंगल भवन में

इटारसी देशबन्धु। नगर कांग्रेस कमेटी इटारसी का कार्यकर्ता समागम कल रविवार को सुबह 10:30 बजे से सरला मंगल भवन सूरजगंज में आयोजित किया गया है। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मयूर जायसवाल ने बताया कि चारों मंडलम् के सम्मेलन के उपरांत रविवार को संपूर्ण इटारसी नगर, यार्ड, आयुध निर्माणी के कांग्रेस कार्यकर्ताओं का समागम कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में संगठन मजबूती, आगामी विधानसभा चुनाव में संगठन की भूमिका, मतदान केन्द्र सशक्तिकरण जैसे अनेक विषयों पर विचार विमर्श किया जायेगा। श्री जायसवाल ने बताया कि इस सम्मेलन में कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठों, मोर्चा संगठनों एवं विभागों के साथियों सहित संपूर्ण कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया है। श्री जायसवाल ने सभी कांग्रेसियों से इस समागम में उपस्थित रहने की अपील की है।

## ऊंट,भेड़ एवं बकरियों को भी सुरक्षित बाहर निकाला

## टापू पर फंसे व्यक्तियों का होमगार्ड एवं एसडीआरएफ के जवानों ने किया सफल रेस्क्यू



इटारसी देशबन्धु। जिले में लगातार हो रही बारिश एवं तवा व बरगी बांध से पानी छोड़े जाने के कारण कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देशन में जिले में राहत एवं आपदा बचाव कार्य हेतु होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ की 06 क्यूआरटी टीम एवं 10 डीआरसी केन्द्रों की स्थापना की गई है। टीमों के द्वारा राहत बचाव कार्य एवं रेस्क्यू कार्य हेतु निचली बस्तियों में सतत निगरानी रखी जा रही है एवं जल भराव की स्थिति निर्मित होने पर प्रशासन द्वारा चिन्हित राहत शिविरों में भेजे जाने की तैयारी सतत रूप से की गई है। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड राजेश जैन ने बताया कि 16 सितंबर को तहसील शिवपुर के ग्राम बिसोनीकला में पोपवती नदी में बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर राजस्थान के विभिन्न ग्रामों से आए 8-10 व्यक्ति टापू पर फस गये थे, साथ में 300 से अधिक भेड़ें, बकरी आदि भी थे। जिसकी सूचना पर तत्काल डीआरसी पॉपनगॉव में तैनात सैनिकों द्वारा ग्राम बिसोनीकलॉ पहुंचकर टापू पर फंसे सभी व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सूचना पर जिला मुख्यालय से भी एसडीईआरएफ की 06 सदस्यीय टीम को मय आपदा उपकरणों के घटना स्थल पर रवाना किया गया। एसडीईआरएफ टीम द्वारा टापू पर फंसे सभी भेड़, बकरी अनुमानित संख्या 300-350 को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। रेस्क्यू के दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

## कन्या महाविद्यालय में युवा उत्सव में हुई प्रतियोगिताएं



इटारसी देशबन्धु। शासकीय कन्या महाविद्यालय इटारसी में युवा उत्सव के द्वितीय दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। युवा उत्सव प्रभारी श्रीमती पूनम साहू ने बताया कि आज महाविद्यालय में हमारे सांस्कृतिक पर्व विषय पर रंगोली, समृद्ध भारत विषय पर चित्रकला, भारत की विज्ञान यात्रा विषय पर पोस्टर निर्माण, सामाजिक बुराइयां विषय पर व्यंग चित्र, एकल गायन (सुगम), एकल गायन (पाश्चात्य), समूह गान (भारतीय) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। डॉ शिखा गुप्ता के निर्देशन में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम श्रेया आरबी, द्वितीय सानिया राइन तथा तृतीय प्रीति केवट रही। श्रीमती शोभा मीना के निर्देशन में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम आयुषी बरखने द्वितीय यशस्वी वर्मा रही। तरुणा तिवारी के निर्देशन में आयोजित पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम प्रियंका पथोरिया द्वितीय बंदिनी अहिरवार तथा तृतीय सुरभि राजपूत रही। प्रिया कलोसिया के द्वारा आयोजित व्यंग चित्र प्रतियोगिता में प्रथम कुमकुम सैनी द्वितीय ज्योति पूरणकर तथा तृतीय कंचन पटेल रही। डॉ श्रद्धा जैन के निर्देशन में आयोजित समूह गान भारतीय में प्रथम स्थान दिव्या एवं समूह को प्राप्त हुआ। हेमंत गोहिया के निर्देशन में आयोजित एकल गायन सुगम में प्रथम स्थान स्नेह नगर द्वितीय अंजलि रैकवार तथा तृतीय आयुषी बरखाने ने प्राप्त किया। पाश्चात्य एकल में प्रथम स्नेहा नागर द्वितीय आयुषी बरखने रही। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरएस मेहरा ने सभी सफल प्रतियोगियों को बधाई दी।

### मतदान केन्द्रों पर दिव्यांगजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

नर्मदापुरम देशबन्धु। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों को सुगमता से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर नीरज कुमार सिंह द्वारा सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।

उन्होंने निर्देशित किया है कि जिले के ऐसे मतदान केन्द्रों का चयन किया जाए, जहां दिव्यांगजन को सुगमता से मतदान की व्यवस्थाए की जा सके। मतदान केन्द्रों में स्वयं सेवा संस्थाओं तथा अन्य इच्छुक व्यक्तियों के सहयोग से मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर तथा वॉकर की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। विगत 2018-19 के चुनावों में भी व्हीलचेयर, वाकर की व्यवस्था की गई थी। इन उपकरणों का पुन: आकलन कर सुधार कार्य अथवा नवीन उपकरणों का क्रय किया जाए।

### रंगौली एवं मेंहदी प्रतियोगिता शुरु



इटारसी देशबन्धु। श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज संगठन इटारसी में महिला मंडल द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम विश्वकर्मा धर्मशाला में आयोजित किया गया। महिला मंडल के अध्यक्ष आशु मालवीय ने बताया कि पहले दिन रंगोली एवं मेहंदी, फैंसी ड्रेस, सलाद डेकोरेशन, लेखन प्रतियोगिता, चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में नन्हे बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। दूसरे दिन आज सिंगिंग डांसिंग ओर एंकरिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन विश्वकर्मा धर्मशाला में किया जाएगा। रविवार 17 सितंबर 2023 को समाज द्वारा विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में शोभायात्रा आचार्य मंगल भवन से निकलकर ऑडिटोरियम में आकर संपन्न होगी। इसके बाद 12 बजे से ऑडिटोरियम में सभी अतिथियों, वृद्धों का सम्मान एवं 10 वी एवं 12 वी में 80 प्रतिशत अंक लाने वाले बच्चों का सम्मान किया जाएगा।

## सैलानियों ने सतपुड़ा की वादियों में साइक्लिंग का उठाया लुत्फ, मई-तवा साइक्लिंग का हुआ आयोजन



नर्मदापुरम देशबन्धु। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा मध्य प्रदेश में साहसिक गतिविधियों के विकास के लिए प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला के निर्देशन में लगातार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में एक जिला एक उत्पाद के तहत जिले में पर्यटन को प्रोत्साहित करने के अनुक्रम में मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा द जिप्सी एडवेंचर के माध्यम से मढई-तवा साइक्लिंग का आयोजन किया गया। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बफर जोन में प्रात: 7 बजे एमपीटी बाइसन रिर्साट से सभी प्रतिभागियों ने साइकिलिंग की शुरुआत की, साइकिलिंग के दौरान प्रतिभागियों में खासा उत्साह रहा , प्रतिभागियों ने प्राकृतिक सौंदर्य का लुफ्त उठाया। मई -तवा साइकिलिंग का फ्लैग ऑफ सतपुा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर एल कृष्णमूर्ति द्वारा किया गया साथ ही संयुक्त संचालक एडवेंचर डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव, सोहागपुर जनपद सीईओ संजय अग्रवाल, साडा अध्यक्ष कमल दुथ भी मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय प्राचार्य सम्मेलन का समापन



इटारसी देशबन्धु। केन्द्रीय विद्यालय संगठन भोपाल के तीन दिवसीय प्राचार्य सम्मेलन का आज समापन हो गया। तीसरे दिन की सुबह का माहौल संगीतमय प्रार्थना 'इतनी शक्ति हमें देना दाता'..... से गुंजायमान था। प्रार्थना की समाप्ति पर सहायक आयुक्त श्रीमती रानी डांगे ने प्रार्थना के वास्तविक अर्थ एवं अवधारणा को स्पष्ट करते हुए हमारी दिनचर्या एवं स्वास्थ्य पर इसके प्रभावों को समझाया। सहायक आयुक्त श्रीमती किरण मिश्रा ने विद्यालय स्तर, संभागीय स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली खेलकूद गतिविधियां तथा 51वीं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता की उपलब्धियां, निकट भविष्य में होने वाली खेलकूद से संबंधित विविध गतिविधियों के बारे में विस्तृत रूप से बताया।

उन्होंने स्वदेशी खेलों, प्राथमिक एवं माध्यमिक विभाग के छात्रों के स्तर अनुसार खेले जाने वाले खेलों के प्रकारों से अवगत कराया। इसके उपरांत जी- सुइट जी-सुइट आई डी के प्रयोग, पीएमश्री विद्यालयों के पंजीकरण की प्रक्रिया आदि पर चर्चा की। उपायुक्त सेंदिल कुमार एवं सहायक आयुक्त श्रीमती निर्मला बुडानिया ने केंद्रीय विद्यालय संगठन की वार्षिक गतिविधियों योजना की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा तय समयानुसार में अनुसार उसकी पालना हेतु निर्देशित किया। पीआईएमएस पोर्टल, कक्षा-कक्ष शिक्षण निरीक्षण की वास्तविक अवधारणा, विद्यांजलि पोर्टल की प्रक्रिया और पंजीकरण तथा महत्व एमपीलेड, निपुन भारत, एफएलन, बाल वाटिका , लर्नर्स अचीवमेंट टेस्ट आदि नवीन कार्यक्रमों पर विशद चर्चा की गई तथा इन सभी विशेष विषयों पर एक खुला सत्र आयोजित किया जिसमें सभी ने अपने-अपने मत और वक्तव्य प्रकट किये।

## जन आशीर्वाद यात्रा की तैयारी बैठक कार्यकर्ताओं से की चर्चा

इटारसी देशबन्ध। 25 सितंबर को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भोपाल आगमन एवं 20 सितंबर को जन आशीर्वाद यात्रा की तैयारी के लिए भाजपा की बैठक पत्रकार भवन में हुई। पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष जोगिंदर सिंह ने बताया कि 20 सितंबर को जन आशीर्वाद यात्रा एवं 25 सितंबर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भोपाल आगमन पर चर्चा कर प्रत्येक शक्ति केंद्र एवं बूथ अध्यक्ष, बूथ महामंत्री, बूथ बीएलए, पन्ना प्रमुख, पन्ना समिति सदस्य एवं समस्त कार्यकर्तायों से आह्वान किया है कि दोनों कार्यक्रमों को सफल बनाएं। जिला महामंत्री मुकेश चंद मैना ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

बैठक में भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक दीपक हरिनारायण अग्रवाल, प्रवीण तिवारी, धनपाल पटेल, दीपक बस्तवार, सांसद प्रतिनिधि राजा तिवारी, राहुल चौरे, मोहित सिंह मैना, प्रदीप रैकवार, अभिनव शर्मा, शैलेंद्र दुबे, गौरव बढ़कुर, नरेंद्र राजपूत, सौरभ मेहरा, जागृति भदोरिया, भगवान दास पप्पू पटेल, ओमप्रकाश मुन्ना उईके, राहुल बनर्जी, अजय मंजरिया, नितिन व्यास आदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त शिकायतों का हुआ त्वरित समाधान

नर्मदापुरम देशबन्धु। जिले के नागरिकों द्वारा मुख्यमंत्री को समस्याएं भेजी जाती हैं। उन्हें मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन को प्रेषित कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए जाते हैं। विगत दिवसों में मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जिले की शिकायतों को निराकरण के लिए भेजा गया। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देशन में पूरी संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ तत्परतापूर्वक सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कराया गया। शिकायतों से संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा तत्काल समस्याओं का निराकरण के लिए शिकायतकर्ताओं से व्यक्तिगत संपर्क किया गया तथा उनकी समस्या का संतुष्टिपूर्वक समाधान भी किया गया।

मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत बेघरों को मिलेंगे पट्टे और मकान


# फसल क्षति का सर्वे कराकर नुकसान की भरपाई की जाएगी : शिवराज

**भोपाल, देशबन्धु।** जिन किसानों की फसल को क्षति हुई है, उनका सर्वे कराया जाएगा और उसके बाद बीमा कम्पनी तथा सरकार नुकसान की भरपाई करेगी। सीहोर के अमलाहा में जनआशीर्वाद यात्रा के दौरान आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि किसान भाई चिंता न करें, उन्होंने कहा कि पहले पानी की कमी से किसानों की फसल खराब हो जाती थी और किसानों की लागत तक नहीं निकल पाती थी। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में पाइपलाइन के माध्यम से नर्मदा का पानी पहुंचाया जा रहा है, जिससे किसान पर्याप्त मात्रा में खेतों में सिचाई कर सकें और फसल का उत्पादन अच्छा हो सके। श्री चौहान ने बेघर लोगों के लिए कहा कि जिन लोगों के पास जमीन नहीं है, उन्हें पट्टा दिया जाएगा और उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान बनाकर दिए जाएंगे।



उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना के तहत एक हजार रुपए प्रति महीने मिलने वाली राशि को अब 1250 रुपए कर दिया गया है वहीं लाड़ली बहना योजना और उज्जवला योजना के परिवारों को अब 450 रुपए में एलपीजी गैस सिलेण्डर प्रदान किया जाएगा। सभी पंचायतों के गांव-गांव में 17 सितम्बर से लाड़ली बहना के फॉर्म के लिए लगाए गए शिविरों की तरह ही एलपीजी गैस सिलेण्डर के लिए फॉर्म भरवाए जाएंगे। बीमार होने पर आयुष्मान कार्ड की मदद से निःशुल्क इलाज की व्यवस्था भी सरकार द्वारा की गई है। आयुष्मान कार्ड की मदद से बड़े-बड़े निजी अस्पतालों में भी निःशुल्क इलाज करा सकते है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छठवीं और नवमीं कक्षा के दूसरे गांव स्कूल पढ़ने जाने वाले बच्चों को साइकिल खरीदने के लिए 4 हजार 5 सौ रुपए की राशि दी गई है, ताकि उन्हें स्कूल जाने में कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि मेधावी छात्र-छात्राओं की आईआईटी, मेडिकल और दूसरी उच्च शिक्षा की फीस भी सरकार द्वारा भरी जाएगी।

### मप्र ने देश में बनाई अपनी अलग पहचान



केन्द्रीय कृषि एवं किसान-कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि मध्यप्रदेश में विकास के साथ-साथ लोगों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं, जिनकी सराहना सम्पूर्ण देश में हो रही है। श्री तोमर ने कहा कि केन्द्र सरकार की योजनाओं और मध्यप्रदेश सरकार की योजनाओं के माध्यम से आम लोगों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में मध्यप्रदेश देश में अपनी अलग पहचान बना चुका है।

## 4 विभागों में हुई 1329 नियुक्तियां, मुख्यमंत्री ने सौंपे नियुक्ति पत्र

**भोपाल, देशबन्धु।** लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण, ऊर्जा विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग तथा कृषि विभाग के एक हजार 3 सौ 29 अधिकारियों और कर्मचारियों को आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नियुक्ति पत्र सौंपे। रविन्द्र भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में श्री चौहान ने स्वास्थ्य विभाग में 925 चिकित्सकों को डिजिटल नियुक्ति पत्र प्रदान किए। ऊर्जा विभाग में 302, पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग में 55 और कृषि विभाग में 47 नियुक्ति पत्र सौंपे। अब तक कुल 96 हजार 774 पदों पर भर्ती की कार्रवाई की गई है और 48 हजार 23। पदों के नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं।



श्री चौहान ने स्वास्थ्य विभाग के कुछ चिकित्सकों को प्रतीक स्वरूप नियुक्ति पत्र प्रदान किए, इनमें डॉ. ओपी वास्कले, डॉ. सोनम यादव, डॉ. अवनि पंत और डॉ. नीरज शामिल हैं। इसी तरह ऊर्जा विभाग में जूनियर इंजीनियर राम सिंह यादव, असिस्टेंट इंजीनियर अभिषेक तिवारी, सहायक पशु क्षेत्र अधिकारी सुश्री दीपिका सिंगार और कृषि विभाग में अनुविभागीय कृषि अधिकारी जितेंद्र को मंच पर नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन किया और एकीकृत सर्विलांस प्रणाली की शुरुआत की। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी और पशुपालन एवं डेयरी विकास मंत्री प्रेम सिंह पटेल के साथ लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस दौरान अपर मुख्य सचिव कृषि अशोक वर्णवाल, प्रमुख सचिव ऊर्जा संजय दुबे गुलशन बामरा उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने किया।

भाजपा ने 84 के दंगों का जिक्र कर कमलनाथ पर साधा निशाना, डंग बोले-

# जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा ने 84 के सिक्ख दंगों को लेकर एक बार फिर कमलनाथ पर निशाना साधा है। प्रदेश की भाजपा सरकार में मंत्री हरदीप सिंह डंग ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा भी सबका साथ, सबका विश्वास की बात करती है। भाजपा सरकार में सर्वांगीण विकास के लक्ष्य पर कार्य होता था, हो रहा है और आगे भी होता रहेगा। हमारी सरकार में पक्षपात का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि इन सबके बीच हम उनको भी नहीं भूल सकते, जिन्होंने प्रदेश का बुरा हाल कर रखा था। तुष्टीकरण की राजनीति में डूबे लोगों की सच्चाई भी आज जरूर दोहराई जानी चाहिए। सनातन पर वार करने वाले लोगों ने सिख समुदाय के साथ ही इसकी प्रकार का दुर्व्यवहार, अत्याचार किया था। मंत्री श्री डंग ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में हुए भेदभाव को भाजपा सरकार ने समाप्त किया है। सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास को मध्यप्रदेश ने साकार किया है। आज प्रदेश की जनता कमलनाथ और कांग्रेस की सच्चाई से चिर परिचित है। यही वजह है कि कांग्रेस पिछले 20 साल से सत्ता के सपने ही देख रही है। इस बार भी कांग्रेस के सपने पूरे नहीं होने वाले हैं क्योंकि मध्यप्रदेश में लोगों के सपने पूरे करने वाली भाजपा की सरकार है। मंत्री श्री डंग ने पत्रकार संजय सूरी की किताब 1984 - द एंटी सिख वॉयलेंस एंड आफ्टर का हवाला देते हुए कमलनाथ पर दिल्ली में 1984 में हुए सिख दंगों में लिप्त होने के आरोप लगाए।

### झूठ बोलकर सिख समाज को गुमराह करना बंद करे भाजपा : सच सलूजा

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश कांग्रेस क़ौमी एकता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व सिख यूथ एसोसिएशन ऑफ़ इंदौर के अध्यक्ष सचप्रीत, सच सलुजा ने भाजपा पर धर्म, झूठ और फरेब की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा से ही पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर सिख दंगों में शामिल होने का आरोप लगाकर प्रदेश की जनता और सिख समाज को गुमराह करती आ रही, जबकि हक़ीक़त यह है कि कमलनाथ का इन दंगों से दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है। इतने वर्षों के बाद आज तक कोई सबूत, एफ़आईआर या आरोप पत्र में कमलनाथ जी के नाम नहीं है, लेकिन भाजपा के लोग चुनाव आते ही झूठ परोसने में लग गए हैं। श्री सलूजा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ही सिखों को प्रोत्साहित कर उन्हें आगे बढ़ाया है, चाहे देश के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह हों, देश के राष्ट्रपति ज्ञानी ज़ैल सिंह हों, केंद्रीय मंत्री बूटा सिंह हों या संगठन के उच्च पद पर बैठे भारतीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में एम.एस बिट्टा हों सत्ता व संगठन दोनों में कांग्रेस ने सिख समाज को मान-सम्मान दिया है। श्री सलूजा ने कहा कि कांग्रेस सभी धर्मों का सम्मान व सर्व विकास में विश्वास रखती है।

# लालू व नीतीश का गठबंधन पानी और तेल की तरह



**मधुबनी,** एजेंसियां। भाजपा के वरिष्ठ नेता और देश के गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को लालू प्रसाद और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित कांग्रेस पर विभिन्न मुद्दों को लेकर जमकर निशाना साधा। उन्होंने लालू और नीतीश के गठबंधन को पानी और तेल जैसा बताते हुए कहा कि तेल पानी को भी गंदा कर देता है। मधुबनी के झंझारपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने इस गठबंधन को स्वार्थी गठबंधन बताते हुए कहा कि एक को अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना है तो नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री बनना है। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि अभी प्रधानमंत्री की कुर्सी खाली नहीं है। पिछले दिनों स्कूलों में रक्षाबंधन और जन्माष्टमी की छुट्टी रद्द कर देने को लेकर भी कहा कि लोगों के आक्रोश के कारण उन्हें वापस लेना पड़ा। उन्होंने लोगों को सावधान करते हुए कहा कि मोदी को फिर से प्रधानमंत्री नहीं बनाया तो पूरा सीमांत क्षेत्र घुसपैठ से भर जाएगा। यह वोट बैंक की राजनीति करने के लिए लालू कुछ भी करने के लिए तैयार हैं।

भाजपा के नेता शाह ने कहा कि लालू और नीतीश की सरकार में हर रोज अपराध बढ़ रहे हैं। यह स्वार्थी गठबंधन बिहार को फिर से जंगलराज की दिशा में ले जा रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि लालू प्रसाद फिर से एक्टिव हो गए हैं और नीतीश कुमार इनएक्टिव हो गए हैं।

लालू जब एक्टिव होते हैं तो आपको पता है कि बिहार में सरकार कैसे चलती है। उन्होंने कहा कि लालू ने रेलवे में मंत्री रहते अरबों-खरबों को भ्रष्टाचार किया। केस चल रहा है। नीतीश को मालूम है कि देश के लिए यूपीए ने कुछ नहीं किया, इसलिए यूपीए का नाम बदल दिया। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि नाम बदलने से कुछ नही होने वाला, यह वही लालू प्रसाद यादव हैं, जिसने बिहार को सालों पीछे धकेल दिया। शाह ने जी20 और चंद्रयान की चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने इसके माध्यम से भारत को विश्व में स्थापित किया है। चंद्रयान जब चंद्रमा पर लैंड किया तो मन आनंद से भर गया। जी-20 में हमारे प्रधानमंत्री ने हथौड़ा लेकर अफ्रीकन यूनियन को शामिल किया तो सीना गर्व से चौड़ा हो गया। यह भारत के आर्थिक विकास का नक्शा खींचने वाला है। कई देश भारत के साथ व्यापार करने को लालायित हैं।

मध्यप्रदेश खेल अलंकरण समारोह में खिलाड़ियों सम्मानित करने के बाद कई घोषणाएं की

# ओलम्पिक, एशियन गेम्स, अन्य अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता को मिलेगी दोगुनी पुरस्कार राशि

- प्रत्येक विभाग में खिलाड़ी कोटे से भर्ती पद आरक्षित किए जाएंगे
- महानिदेशक खेल का नया पद बनेगा




**भोपाल, देशबन्धु।** ओलंपिक गेम्स, एशियन गेम्स एवं अन्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक अर्जित करने वाले खिलाड़ियों को दोगुनी पुरस्कार राशि मिलेगी। इन खेलों में चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कार राशि दी जाएगी। राज्य के खेल पुरस्कार एकलव्य 15 से बढ़ाकर 20 खिलाड़ियों को, विक्रम पुरस्कार 12 से बढ़ाकर 20 एवं विश्वामित्र पुरस्कार 3 से बढ़ाकर 5 प्रशिक्षकों को दिए जाएंगे। खेलों के सुव्यवस्थित संचालन के लिए खेल विभाग के अमले की पुनर्संरचना की जाएगी। साथ ही महानिदेशक खेल का पद भी सृजित किया जाएगा। प्रदेश के खिलाड़ियों को सौगात देते हुए प्रत्येक विभाग में खिलाड़ी कोटे से भर्ती के लिए पद आरक्षित किए जाएंगे।

यह विचार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को मध्यप्रदेश खेल अलंकरण समारोह में खिलाड़ियों को सम्मानित करने के बाद कई घोषणाएं की। उन्होंने खेल संघों की नियमित गतिविधियों के संचालन के लिए प्रत्येक राज्य स्तरीय खेल संघ को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए दिए जाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने खेलो एमपी यूथ गेम्स के प्रतीक चिन्ह व शुभंकर का अनावरण किया। उन्होंने वर्ष 2021 और 2022 के पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों पर आधारित स्मारिका का विमोचन किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने 49 खेलो इंडिया सेंटर्स का वर्चुअल शुभारंभ भी किया। श्री चौहान कहा कि नाथू बरखेड़ा में निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्टस कॉम्पलेक्स में क्रिकेट स्टेडियम के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्वीमिंग पूल और सायकलिंग वेलोड्रोम का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने खेल पुरस्कार से सम्मानित सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खूब खेलो कूदो, अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सफलता के आसमान छू लो।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, सचिव खेल एवं युवा कल्याण पी. नरहरि, संचालक खेल एवं युवा कल्याण रवि कुमार गुप्ता, भारतीय खेल प्राधिकरण के खेल निदेशक सुधाकरण सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, प्रशिक्षक और उनके परिजन उपस्थित थे।

### खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधा के मिले बेहतर नतीजे : श्रीमती सिंधिया

खेल और युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा कि विगत वर्षों में खेल के बुनियादी ढ़ांचे में बदलाव कर आधुनिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जो कार्य किए गए हैं, उसी के श्रेष्ठ परिणाम आज सामने है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुसार खेलो एमपी यूथ गेम्स की शुरूआत की गई है। खेलो एमपी यूथ गेम्स युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए बेहतर मंच साबित होगा।

### वर्ष 2021 पुरस्कृत खिलाड़ी

एकलव्य पुरस्कार- अंशिका कनौजिया साफ्टेनिस भोपाल, शिखा चौहान क्याकिंग-कैनोइंग इंदौर, पूजा कुश्ती देवास, श्रुति सरवैया वूशु अशोकनगर, अर्जुन ठाकुर शूटिंग होशंगाबाद, कन्या नैय्यर तैराकी इंदौर, इकराम अली खान एथलेटिक्स विदिशा, गोपाल ठाकुर रोइंग देवास, सिद्धी छतवानी शूटिंगबॉल भोपाल।

**विक्रम पुरस्कार** - आध्या तिवारी सॉफ्टटेनिस नर्मदापुरम, एनी जैन तैराकी इंदौर, आरती नाथ क्याकिंग-केनोइंग धार, मनीषा कीर शूटिंग भोपाल, सुदिप्ती हजेला घुड़सवारी इंदौर, श्रेयांशी परदेशी बैडमिंटन इंदौर, नैन्सी जैन खो-खो जबलपुर, कंचन ज्योति दीक्षित कबड्डी इंदौर, राबिनी चौहान सॉफ्टबाल देवास, पूनम शर्मा जूडो भोपाल, रोहित बाजपेई योगा इंदौर, भगवना सिंह कुशवाह साहसिक खेल भोपाल, रत्नेश पाण्डे साहसिक खेल सतना।

**विश्वामित्र पुरस्कार** - पारितोष शर्मा कराते ग्वालियर, विनय प्रजापति कुश्ती भोपाल, मोहन लाल बम्बोरिया मल्लखम्ब उज्जैन।

**स्व. प्रभाष जोशी पुरस्कार** - मुजाहिद बैग मल्लखम्ब उज्जैन।

**लाइफटाइम एचीवमेन्ट पुरस्कार**- बलबीर सिंह कुशवाह टेबल-टेनिस, क्याकिंग-केनोइंग, कैनो-स्लालम एवं ड्रेगनबोट।

### वर्ष 2022

**एकलव्य पुरस्कार** - आस्था दांगी क्याकिंग-केनोइंग भोपाल, अमन सिंह बिष्ट बॉक्सिंग भोपाल, प्रज्ञा सिंह फेंसिंग भोपाल, रितिका दांगी सेलिंग राजगढ़, अभिषेक परिहार सॉफ्ट टेनिस देवास, दीपेश लश्करी जिम्नास्टिक उज्जैन, पलक शर्मा तैराकी इंदौर, आशी चौकसे शूटिंग भोपाल, खुशबू हॉकी ग्वालियर, सौम्या तिवारी क्रिकेट भोपाल, इन्द्रजीत नागर मल्लखम्ब उज्जैन।

**विक्रम पुरस्कार** - आदित्य दुबे सॉफ्ट टेनिस देवास, नीतू वर्मा क्याकिंग-केनोइंग सीहोर, भूरक्षा दुबे वूशु अशोकनगर, प्रगति दुबे शूटिंग रायसेन, राजू सिंह घुड़सवारी भोपाल, सुबोध चौरसिया सॉफ्टबाल इंदौर, आवेश खान क्रिकेट इंदौर, नीरज राणा हॉकी ग्वालियर, धनंजय दुबे टेनिस दिव्यांग ग्वालियर, राजवीर सिंह पंवार मल्लखम्ब उज्जैन।

**विश्वामित्र पुरस्कार** - श्रीमती रश्मि मालवीय बैडमिंटन भोपाल।

**लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार** - अनिल धूपर टेनिस इंदौर।

*देशभर में सौ नए सैनिक स्कूल स्थापित करने की योजना के तहत सरकार का बड़ा कदम*

# साझेदारी के तहत 23 नए सैनिक स्कूलों को मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के हर कोने तक सैनिक स्कूलों की सुविधा उपलब्ध कराने की योजना के तहत सरकार ने 23 नए सैनिक स्कूलों को मंजूरी दे दी है। छठी कक्षा से शुरू होने वाले ये सैनिक स्कूल गैर-सरकारी संगठनों, निजी स्कूलों और राज्य सरकारों के साथ साझेदारी क्रमबद्ध तरीके से खोले जाएंगे। इन स्कूलों को सौ नए सैनिक स्कूल स्थापित।

करने की सरकार की पहल के तहत मंजूरी दी गई है। इस पहल के तहत सैनिक स्कूल सोसायटी द्वारा नए सैनिक स्कूलों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विभिन्न आवेदनों के मूल्यांकन के बाद 23 नए स्कूलों को खोलने की मंजूरी दी है। इस पहल से सैनिक स्कूल सोसाइटी के तत्वावधान में साझेदारी मोड के तहत खुलने वाले नए सैनिक स्कूलों की संख्या बढ़कर 42 हो गई है, इसके अलावा मौजूदा 33 सैनिक स्कूल पहले से ही पूर्ववर्ती पैटर्न के तहत काम कर रहे हैं। नए सैनिक स्कूलों की स्थापना का उद्देश्य छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और उन्हें सशस्त्र बलों में शामिल होने सहित बेहतर कैरियर के अवसर प्रदान करना है। यह निजी क्षेत्र को, युवाओं को कल का जिम्मेदार नागरिक बनाकर राष्ट्र निर्माण की दिशा में सरकार के साथ मिलकर काम करने का अवसर भी देता है। नए 23 सैनिक स्कूलों की प्रदेश वार सूची सैनिक स्कूल की वेबसाइट पर देखी जा सकती है। नए सैनिक स्कूल, संबंधित शिक्षा बोर्डों से संबद्धता के अलावा, सैनिक स्कूल सोसायटी के तत्वावधान में कार्य करेंगे और सोसायटी द्वारा निर्धारित साझेदारी मोड में नए सैनिक स्कूलों के लिए नियमों और विनियमों का पालन करेंगे।



वे अपने नियमित संबद्ध बोर्ड पाठ्यक्रम के अलावा सैनिक स्कूल पैटर्न के छात्रों को अकादमिक प्लस पाठ्यक्रम की शिक्षा भी प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने के दृष्टिकोण के पीछे का उद्देश्य छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सशस्त्र बलों में शामिल होने सहित बेहतर कॅरियर के अवसर प्रदान करना है। यह निजी क्षेत्र को आज के युवाओं को भविष्य के जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रशिक्षित करके राष्ट्र निर्माण की दिशा में सरकार के साथ मिलकर काम करने का अवसर भी प्रदान करता है। साझेदारी मोड के तहत देश के 11 राज्यों में 23 नए सैनिक स्कूल खोले जाएंगे। इनमें से उत्तर प्रदेश में मथुरा, लखनऊ, इटावा, हरियाणा में कुरुक्षेत्र, हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर में स्कूल खुलेंगे।

इसके अलावा आंध्र प्रदेश में एक, बिहार में एक, छत्तीसगढ़ में चार, कर्नाटक में एक, केरल में दो, मध्य प्रदेश में तीन, महाराष्ट्र में दो, राजस्थान में चार जिलों में स्कूल खुलेंगे। मंत्रालय ने कहा है कि इस पहल से सैनिक स्कूल सोसाइटी के तत्वावधान में पार्टनरशिप मोड के तहत काम करने वाले नए सैनिक स्कूलों की संख्या बढ़कर 42 हो गई है, इसके अलावा मौजूदा 33 सैनिक स्कूल पहले से ही मौजूदा पैटर्न के तहत काम कर रहे हैं।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**मणिपुर व नूंह की घटना....** भारत की छवि पर धब्बा लगाती है. ऐसे हालात में सत्ताधारी दल, सांप्रदायिक संगठन और मीडिया का एक वर्ग, आग में घी डालने का काम करता है। इससे देश का 'सर्वधर्म समभाव' बिगाड़ता है. हमें मिलकर ऐसी ताकतों की पहचान करके उन्हें बेनकाब करते रहना है।

केंद्र सरकार आंकड़ों की हेराफेरी कर रही है। 2021 की जनगणना न कराने से 14 करोड़ लोग फूड सिक्योरिटी एक्ट से और करीब 18 फीसदी लोग मनरेगा से बाहर हो गए। मनरेगा की मजदूरी महीनों लंबित रहती है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, हमारी मांग है कि 2021 जनगणना की प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाए। उसके साथ ही जातिगत जनगणना भी कराई जाए, ताकि समाज के जरूरतमंद तबके को स्वास्थ्य, शिक्षा, नौकरी और फूड सिक्योरिटी समेत दूसरे हक मिल सकें। आजादी के बाद बनी देश की बहुमूल्य संपत्तियों को मोदी सरकार चंद पूंजीपति मित्रों के हवाले कर रही है। उनके फायदे के लिए नीतियां बदली जा रही हैं, उनके हक के कानून बन रहे हैं। पिछले दिनों पीएम के करीबी कारोबारी की कंपनियों में 20 हजार करोड़ रुपये का शेल कंपनियों द्वारा निवेश हुआ। इसका पर्दाफाश होने पर भी मोदी सरकार जांच नहीं करा रही है। सारे बड़े घोटालों पर सरकार मौन है, पर्दा डाल रही है।

प्रधानमंत्री और भोजपा नेताओं के हमलों से हमारे 'इंडिया' गठबंधन की 3 बैठकों की सफलता का अंदाजा लगाया जा सकता है। हमारा कारवां जैसे-जैसे आगे बढ़ेगा, इनके हमले तेज होंगे। 'इंडिया' गठबंधन की मुंबई में हुई बैठक के बाद ईडी, आईटी, सीबीआई को सरकार ने विपक्षी नेताओं से राजनीतिक बदला लेने के लिए लगा दिया है। ये स्वस्थ लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है, लेकिन अफसोस कि यही हकीकत है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।